CMYK


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26° C
न्यूनतम : 11° C

मुजफ्फरनगर, रविवार 1 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आगरा जिले में शुक्रवार शाम 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश पवन को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पवन की लोकेशन मिलने पर एसटीएफ टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में हुई मुठभेड़ में वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एसटीएफ का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मारे गए बदमाश के पास से 9 एमएम और 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक 9 एमएम की सरकारी पिस्टल उसने वर्ष 2016 में नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक सिपाही से लूटी थी। पवन मूल रूप से गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का निवासी था।

### पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार हो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यूपी बोर्ड की पुस्तकें प्रकाशित करने वाले प्रकाशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रकाशकों ने यूपी बोर्ड द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की गुहार लगाई है। प्रकाशकों का आरोप है कि यूपी बोर्ड ने हाल में आदेश जारी कर केवल तीन प्रकाशकों को 36 विषयों की 70 पुस्तकों के प्रकाशन का अधिकार प्रदान कर दिया है। वे पिछले लगभग 50 वर्षों से, तीन-चार पीढ़ियों से प्रकाशन कार्य से जुड़े हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# डा. मिर्जा पांचवीं बार मजलिसों के को-ऑर्डिनेटर

**जिया अब्बास जैदी**

**दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें**



■ 21 मई से शुरू होकर 24 मई तक चलेंगी

**लखनऊ/सहारनपुर।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग-अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह ए-आलिया नजर-ए-हिंद जोगीपुरा की मजलिसें 123 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि यह अकीदत का मरकज है। 351 साल से ज्यादा हो गए, यह दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ-साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 21मई से शुरू होकर 24 मई 2026 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली जैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार पांचवी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक मौलाना सैयद शबाब नकवी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। डा. मिर्जा शफीक ने बताया कि 23 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मौलाना मिर्जा शफीक को आगरा में स्थित दरगाह शहीद-ए-सालिस की मजलिसों का भी पिछले दो वर्षों से कोर्डिनेटर बनाया जा रहा है।

# डिग्री सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्नातक की डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि समाज की सेवा, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता है।

राधाकृष्णन ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय 104 साल की यात्रा और शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतरता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की शुरुआत मात्र तीन कॉलेजों, दो संकायों, आठ विभागों, उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों के एक छोटे से पुस्तकालय और 750 छात्रों से हुई थी। आज इसमें 16 संकाय, 86 विभाग, 90 कॉलेज, 20 छात्रावास, 30 से अधिक केंद्र और संस्थान, 34 पुस्तकालय और छह लाख से अधिक छात्र हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने ऐतिहासिक यात्रा में वाकई एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय को देश के सबसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि एक सदी से अधिक समय से इसने ऐसे विद्वानों को पोषित किया है, जिन्होंने भारत के बौद्धिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन का नेतृत्व किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अब उन प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों की परंपरा में शामिल हो रहे हैं जिन्होंने न केवल भारत बल्कि विश्व को भी आकार दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लगातार हो रहे सुधार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय लगातार चार वर्षों से क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, यह एक अंत और एक नई शुरुआत दोनों का प्रतीक है। यह वर्षों के अध्ययन, अनुशासन, मित्रता, परीक्षाओं और आत्म-खोज का उत्सव है, साथ ही स्नातकों के लिए एक व्यापक क्षेत्र, यानी उत्तरदायित्व के क्षेत्र में औपचारिक प्रवेश का संकेत भी है। उन्होंने कहा कि स्नातक एक ऐसे संसार में कदम रख रहे हैं जो परिवर्तन से गुजर रहा है। प्रौद्योगिकी उद्योगों को नया रूप दे रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्य की प्रकृति को पुनर्परिभाषित कर रही है, जलवायु परिवर्तन विकास के प्रतिमानों को चुनौती दे रहा है और विश्व भर में लोकतंत्र की परीक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे संसार में, डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता है, समाज की सेवा करने की प्रतिबद्धता, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने की प्रतिबद्धता, केवल अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के कल्याण के लिए जीने की प्रतिबद्धता, और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता।

## उप्र की योगी सरकार की स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बड़ी पहल

# कैंटोनमेंट अस्पतालों में होगा आयुष्मान धारकों का इलाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मेरठ समेत 13 जिलों में संचालित हैं कैंटोनमेंट अस्पताल, जिनमें अभी केवल प्रयागराज में ये सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी राहत देने जा रहे हैं।

राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ जल्द ही एमओयू साइन किया जाएगा। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं, जिनमें से प्रयागराज स्थित कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां मिल रहे सकारात्मक परिणामों को देखते हुए सरकार ने इस सुविधा का विस्तार पूरे प्रदेश में करने का निर्णय लिया है। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा के अनुसार, प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में जनवरी 2026 से आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अपॉइंटमेंट, नि:शुल्क जांच और गंभीर रोगियों के लिए मुफ्त परिवहन (पिक एंड ड्रॉप) की सुविधा भी दी जा रही है। अब एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना स्थित कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे प्रदेश में योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या में और वृद्धि होगी।

साचीज की एसीईओ डा. पूजा यादव ने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। एमओयू के बाद अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे उपचार, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके। सरकार की इस पहल से सेना क्षेत्र के आधुनिक चिकित्सा संसाधनों का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। साथ ही गंभीर और जटिल बीमारियों से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सकेगी।

### योगी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले देश के सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि महान वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत, 'भारत रत्न' सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाए जाने वाले इस दिवस पर आइए हम सभी मिलकर नवाचार एवं अनुसंधान के माध्यम से 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के संकल्प को और सुदृढ़ करें। आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी सर सी-वी- रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस अभूतपूर्व खोज के लिए सर रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान संचार गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ़ से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन किए गए हैं।

# सैनिकों की समस्या पर राहुल का वित्तमंत्री को पत्र

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर आयकर व्यवस्था वापस लेने की मांग की है।

गांधी ने इस संबंध में वित्त मंत्री को बुधवार को पत्र लिखा है, जिसमें उनसे आग्रह किया है कि सशस्त्र बलों के कर्मियों को प्रभावित करने वाली अंशदाई पेंशन योजना में निधि की कमी दूर कर वह दिव्यांगता पेंशन पर कर हटाने के जरूरी आदेश दें। उन्होंने लिखा कि पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त वित्तीय आवंटन और दिव्यांगता पेंशन पर हाल ही में लगाए गए आयकर को वापस लिया जाए। पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना पूर्व सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह योजना गंभीर वित्तीय संकट में है। योजना के तहत 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के चिकित्सा बिल लटके हुए हैं। इसमें बजट आवंटन आवश्यकता से लगभग 30 प्रतिशत कम है। भुगतान न होने के कारण कई अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं। पूर्व सैनिक जेब से खर्च करने को मजबूर हो रहे हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में देरी हो रही है। देश की सेवा करने वाले आज जरूरत की घड़ी में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263917
प्रति किलो



# शेयर बाजारों ने एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

**मुंबई, वार्ता**



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशकमंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं। दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाए हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशकमंडल की संरचना से संबंधित है। यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशकमंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में उसके निदेशकमंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

### सोने की कीमत बढ़ी, चांदी का भाव घटा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। वैश्विक स्तर से लेकर घरेलू स्तर तक सोने और चांदी की कीमतों में अचानक तेजी और अचानक गिरावट आ जा रही है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक राजधानी में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,64,700 रुपये हो गई। यह कीमत पिछले कारोबारी दिन 1,62,900 रुपये थी। वहीं, दिल्ली में चांदी टूटकर 2,68,000 रुपये प्रति किग्रा पर रही। एमसीएक्स पर सोना का वायदा भाव (2 अप्रैल 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) 133 रुपये गिरकर 1,61,971 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुई। वहीं चांदी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर थोड़ा घटकर 2,74,389 रुपये (5 मार्च 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) किलो हो गया।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए। गेहूं में नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये फिसलकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा 24 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 49 रुपये और मसूर दाल 23 रुपये महंगी हुई। तुअर दाल में 22 रुपये और चना दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 58 रुपये और पाम ऑयल 46 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 17 रुपये बढ़ गई। सोया तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 46 रुपये बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852.75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल: सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हवाई यात्रियों की संख्या का जनवरी में नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता**

हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में घरेलू विमान सेवा कंपनियों की उड़ानों में सफर करने वालों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 49 हजार रही। यह जनवरी 2025 के एक करोड़ 46 लाख 11 हजार से 4.36 प्रतिशत अधिक है और अपने-आप में नया रिकॉर्ड है।

इससे पहले, नवम्बर 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 38 हजार रही थी। हालांकि दिसम्बर में इंडिगो के परिचालन में बड़े व्यवधान के कारण यह आंकड़ा घटकर 1.43 करोड़ रहा गया था। खास बात यह रही कि दिसम्बर 2025 में बड़ी गिरावट के बाद जनवरी में इंडिगो ने यात्रियों की संख्या के मामले में अपनी पुरानी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली। पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह के दौरान हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद उसकी बाजार हिस्सेदारी नवम्बर के 63.6 प्रतिशत से घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी। जनवरी में एक बार फिर यह 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसका मतलब यह है कि यात्री एक बार फिर इंडिगो की तरफ वापस गए हैं। दूसरी तरफ, दिसम्बर में अस्थाई रूप से बढ़ने (29.6 प्रतिशत) के बाद एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर जनवरी में 26.5 प्रतिशत रह गई। अकासा एयर (4.8 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.9 प्रतिशत) क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इंडिगो और एयर इंडिया की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी लगातार 90 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। अधिक से अधिक भरी सीटों के साथ उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर ने एक बार फिर बाजी मारी। जनवरी में वह अकेली एयरलाइंस रही जिसका भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) 90 प्रतिशत से अधिक रहा। अकासा का पीएलएफ 93.2 प्रतिशत रहा। इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और एयर इंडिया समूह 86.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पाइसजेट का पीएलएफ 85.9 प्रतिशत और क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 का 80.3 प्रतिशत रहा। विमान सेवा कंपनियों को जनवरी में यात्रियों से कुल 9,158 शिकायतें मिलीं।

### हवाई अड्डे पर स्विस नागरिक के पास मिला सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया।

इसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सीआईएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई। विदेशी नागरिक की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (34) के रूप में हुई है। फूलपुर पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे सीआईएसएफ ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (निवासी: लुशान, स्विट्जरलैंड) के बैग से यह प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद लगभग 13:30 बजे उन्हें स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जहां आईबी, एटीएस, एलआईयू सहित अन्य एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि आंद्रे सायरिल अपनी महिला मित्र सेलेन हैंगमैन (स्विट्जरलैंड निवासी) के साथ एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 696 से मुंबई जाने वाले थे, जहां से 13 मार्च को वे नेपाल के लिए रवाना होने वाले थे। आंद्रे सायरिल पेशे से प्रोसेस इंजीनियर हैं। उन्होंने सितम्बर 2025 में नौकरी छोड़कर विश्व भ्रमण शुरू किया था। वे दक्षिण अफ्रीका से दुबई, ओमान होते हुए 29 जनवरी को नई दिल्ली पहुंचे थे।

# उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ होली के बाद संगठनात्मक बदलाव पूरा कर लेगी भाजपा, जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए जल्द ही बाकी बचे पांच जिला अध्यक्षों और 80 से ज्यादा मंडल अध्यक्षों को नियुक्त करके जमीनी स्तर पर संगठनात्मक बदलाव पूरा करने वाली है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और राज्य महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व से मंजूरी लेने के लिए बाकी जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल कर दिए हैं। इसके बाद जिला-स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा, जो मुख्य संगठनात्मक निकाय है जो जमीनी स्तर पर पार्टी की जनता तक पहुंच को बढ़ावा देता है। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर मंडल-स्तरीय अध्यक्षों का चुनाव कराने का फ़ैसला किया। पार्टी ने 1,918 मंडल अध्यक्षों में से 1,800 से ज्यादा का चुनाव करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, ये संगठनात्मक पदाधिकारी जिला निकाय और बूथ-स्तरीय व्यवस्था के बीच एक पुल का काम करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो चुनाव पास आ रहे हैं, इसलिए बीजेपीका बाकी जिला प्रेसिडेंट और मंडल प्रेसिडेंट का अपॉइंटमेंट पूरा करने पर फ़ोकस करना जल्दबाजी दिखाता है। जिला और मंडल यूनिट उत्तर प्रदेश जैसे पॉलिटिकल रूप से घने राज्य में इलेक्शन मैनेजमेंट की रीढ़ होती हैं, जहां बूथ-लेवल का हिंसाब अक्सर नतीजे तय करता है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी का मकसद ऑर्गेनाइजेशनल कमियों को दूर करना, गुटबाजी को रोकना और यह पक्का करना है कि अनुशासन का मैसेज राज्य से बूथ लेवल तक पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि जिला-लेवल का ऑर्गेनाइजेशनल सेट-अप आखिरकार स्टेट टीम बनाने का रास्ता बनाएगा, जिसमें असल में स्टेट वाइस-प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और छह रीजनल प्रेसिडेंट शामिल होंगे। भाजपा सूत्रों ने कहा कि स्टेट टीम का अपॉइंटमेंट पार्टी की सोशल इंजीनियरिंग को दिखाएगा क्योंकि वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए तैयार हो रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी हर हाल में मार्च के आखिर तक ऑर्गेनाइजेशनल बदलाव पूरा कर लेगी। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। भाजपा की नजर राज्य में संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले हैं। 14 जिलों के लिए अध्यक्षों के नाम की घोषणा होनी थी। इनमें से 11 जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी गई थी। होली के बाद संगठन के स्तर पर और भी ऐलान होने हैं।

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 1 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper



PATANJALI®

## पतंजलि के "देश का सबसे बड़ा ब्राण्ड" बनने की कहानी

पतंजलि®

पूजनीय स्वामी रामदेव जी व आचार्य श्री बालकृष्ण जी के तीन दशकों से अधिक के अनवरत पुरुषार्थ, तपस्या और अटल संकल्प के बल पर पतंजलि ने भारत के घर–घर तक अपनी पहुंच बनाई और करोड़ों देशवासियों के हृदय को जीता। योग व आयुर्वेद, जो कभी केवल गुफाओं और गुरुकुलों तक सीमित था, उसे पतंजलि ने जन–जन तक पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। जनमानस की आवश्यकता और आग्रह के अनुरूप औषधियों के साथ–साथ दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया, और इस प्रकार पतंजलि ने स्वदेशी चेतना को प्रबल किया। लगभग पांच लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। एक करोड़ से अधिक दुकानों तक स्वदेशी सेवा का व्यापक विस्तार हुआ है। 100 करोड़ भारतीयों के समर्थन और 1 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ सेवा के लिए हम कृतज्ञ हैं।

**5000 से अधिक उत्पादों के साथ स्वदेशी संकल्प:** लगभग पाँच हजार से अधिक दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, पशु आहार, औषधियाँ तथा जीवनोपयोगी उत्पाद देशवासियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। रोजगार सृजन के साथ साथ लगभग एक करोड़ प्रशिक्षित कार्यकर्ता निःशुल्क एवं निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में समर्पित हैं। इन अनवरत प्रयासों और संकल्पों के परिणामस्वरूप आज पतंजलि समूह का वार्षिक टर्नओवर लगभग 50,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है।

**अर्थ से परमार्थ व राष्ट्रसेवा (Prosperity for Charity):** PFL को प्राप्त होने वाला सम्पूर्ण लाभ, पतंजलि गुरुकुलम्, भारतीय शिक्षा बोर्ड, आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय, रिसर्च फाउंडेशन, चिकित्सा, शिक्षा, वृक्षारोपण, सनातन धर्म और भारत माता की सेवा में पूर्णतः समर्पित किया जाता है। इस प्रकार लाभ का 100% भाग निःस्वार्थ चैरिटी और राष्ट्रसेवा के कार्यों में लगाया जाता है। पूजनीय स्वामी रामदेव जी का संकल्प है कि अपने अंतिम श्वास तक हम पवित्रता और प्रामाणिकता के साथ भारत माता की सेवा करते रहेंगे तथा एक स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। पूजनीय आचार्य बालकृष्ण जी कई वर्षों से विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों और अनुसंधानविदों की श्रेणी में सम्मिलित हैं। उनके दृष्टिकोण से पतंजलि विज्ञान, अनुसंधान और स्वदेशी नवाचार के माध्यम से वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी ब्रांड बन रहा है। योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म की सेवा में आज पतंजलि भारत के श्रेष्ठतम संस्थान के रूप में कार्यरत है।

हाई बी. पी. को प्राकृतिक रूप से निर्मूल करने के लिए।

डायबिटीज को रिवर्स करने में लाभदायक

वात रोग, आर्थराइटिस, RA, CRP, AVN, ANA, HLA-B27 आदि के लिए

ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, कफ, कोल्ड के लिए रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन

ब्रेन, नर्वस सिस्टम व मेमोरी के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां

इम्युनिटी के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां

किडनी प्रॉब्लम्स को रिवर्स करने के लिए

फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस आदि को रिवर्स करने के लिए

बहिष्कार करें– केमिकल व एनिमल बेस्ड प्रोडक्ट्स का और न्यूट्रेला नेचुरल ऑर्गेनिक प्रोटीन, विटामिन्स, ओमेगा आदि अपनाएं

ओबेसिटी के लिए अचूक औषधि

कोलेस्ट्रॉल के लिए

थायरॉइड के लिए

चिकित्सा के परामर्श के लिए अपने नज़दीकी पतंजलि चिकित्सालय पर अवश्य विज़िट करें।

5000 पतंजलि के एक्सक्लूसिव स्टोर्स के लोकेशन का पता जानने के लिए गूगल पर सर्च करें।

एक कॉल से सभी समस्याओं को घर बैठे निःशुल्क सॉल्व करने के लिए कॉल करें– **1800 296 1111** तथा पतंजलि की समस्त सेवाओं की जानकारी के लिए **8954 555 999** पर कॉल करें

घर बैठे पतंजलि प्रोडक्ट्स ऑनलाइन आर्डर करने के लिए ऑर्डर मी ऐप डाउनलोड करें।

डाउनलोड करें
ORDER ME

पतंजलि के एक्सक्लूसिव स्टोर पर डिस्काउन्ट पाने और साथ ही 15 लाख के इन्श्योरेंस का लाभ उठाने के लिए पतंजलि स्वदेशी समृद्धि कार्ड बनवाएं। कार्ड का मेम्बर बनने के लिए अपने नज़दीकी पतंजलि स्टोर पर सम्पर्क करें।

2601 XXXX XXXX XXXX

PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : **8954666222, 8954666333**

लगभग 1 करोड़ स्टोर्स पर पतंजलि के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। फिर भी कोई प्रोडक्ट स्टोर पर उपलब्ध नहीं है तो आप दुकानदार से इसकी डिमाण्ड करें, वो इसे उपलब्ध करायेंगे।

भारत एक ऋषि एवं कृषि प्रधान देश है। इसलिए उच्चतम श्रेणी के पशु आहार एवं फूड सप्लीमेंट्स।

पतंजलि पशु आहार

पतंजलि मसाले, पापड़, दलिया, कैंडी, मुरब्बा, नमकीन और पाचक

नोट– पतंजलि के मल्टीग्रेन आटा व कुछ विशिष्ट 1 हजार प्रोडक्ट्स पतंजलि एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर ही उपलब्ध हैं।

पतंजलि के आटा रेंज एवं पतंजलि चावल रेंज

दिल्ली एनसीआर, उत्तराखण्ड, राजस्थान व महाराष्ट्र में पतंजलि के डेयरी प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।

पतंजलि हेल्दी एवं न्यूट्रिशियस फूड प्रोडक्ट्स, पावर वीटा, केसर व ड्राईफ्रूट्स, अचार, जैम व सॉस, पोहा, सूजी, बेसन, सेवई

रवीट्स एवं स्नेक्स

माइग्रेन पेन, मस्तिष्क आदि के लिए सर्वश्रेष्ठ पतंजलि बादाम रोगन व बादाम पाक

बादाम रोगन व बादाम पाक, एनर्जी बार एवं इंस्टेंट मिक्स

महाकोश, सनरिच, रुची गोल्ड देश का नं. 1 पाम्ल ऑयल ब्राण्ड एवं न्यूट्रेला ऑयल रेंज

धूप–अगरबत्ती के नाम पर बहुत भयंकर मिलावट है तथा 100% पवित्रता बाँस रहित अगरबत्ती, भीमसेनी कपूर, शुद्धतम तिल तेल, हवन सामग्री आदि से अपने इष्ट का पूजन करें।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



11वां रोज़ा इफ्तार
01 मार्च रविवार
सुन्नी...................... 06:21
शिया...................... 06:34

12 वां रोज़ा सहरी
02 मार्च सोमवार
सुन्नी...................... 05:19
शिया...................... 05:24



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# करंट की चपेट में आकर भट्टा कर्मचारी की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। इस घटना की सूचना ईंट भटा मालिक ने बुढ़ाना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ जनपद के निवासी लगभग 25 साल का रविंद्र कुमार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना में स्थित बुढ़ाना कस्बे की कमल मार्किट निवासी नईम राणा के राणा ब्रिक फिल्ड के नाम से ईंट के भट्टे पर मजदूरी का कार्य कर रहा था। शनिवार की दोपहर रविंद्र भटे के आफिस की छत पर चढ़कर साफ सफाई कर रहा था कि छत के पास से गुजर रही 11 हजारी विद्युत लाइन के तार से अचानक रविंद्र टच हो गया। जिसमें रविंद्र कुमार की करंट के लग जाने से शरीर में जगह जगह भस्ट हो गये। इस दृश्य को देख काम कर रहे अन्य मजदूरों में अफरा तफरी मच गयी और उन्होंने इसकी सूचना भट्टा मालिक नईम राणा को दी तो वे बुढ़ाना से तुरंत अपने भट्टे पर पहुंचे और बुढ़ाना पुलिस को इस हृदय विदारक घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पर पहुंचे और मौके पर मिले लोगों से घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक मजदूर रविंद्र कुमार के परिजनों को भी इस घटना की सूचना फोन पर दी तो परिजन मोर्चरी में पहुंच गये थे।

वहीं दूसरी ओर पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव खाईखेडा में बीस वर्षीय युवती की रहस्मय मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में हलचल मच गई। सूचना के बाद पुरकाजी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना कीछानबीन की। पुलिस ने घटना का कारण जानने के लिए मृतक युवती का पोस्टमार्टम भी करा दिया है। अभी तक इस संबंध में कार्यवाही के लिए कोई तहरीर नहींदी गई है अब पुलिस मौत का कारण जानने के लिए भागदौड कर रही है।



मुजफ्फरनगर: पालिका बोर्ड बैठक में मुद्दे उठाते सभासद देवेश कौशिक, राजीव शर्मा आदि।

# शहरी विकास महायोजना को बोर्ड की हरी झंडी

## मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में नगर में 290 करोड़ का बजट पास

**परशुराम स्मारक के लिए मीनाक्षी ने कराया 50 लाख का प्रस्ताव पारित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका की बोर्ड बैठक में अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में 159 प्रस्तावों वाला ऐतिहासिक एजेंडा सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक की कार्यवाही मात्र 20 मिनट ही चली। शहरी विकास के लिए मीनाक्षी स्वरूप की महायोजना को लेकर नगरपालिका बोर्ड पूरी तरह से एकमत नजर आया। शनिवार को आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 290.34 करोड़ रुपये की अनुमा. नित आय वाला मूल बजट मंजूर किया गया, जबकि शहर के विकास कार्यों पर 486.76 करोड़ रुपये व्यय करने की महत्वाकांक्षी योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सदन की पदेन सदस्य एमएलसी वन्दना वर्मा भी पहुंची, जिनका पालिकाध्यक्ष सहित पूर्ण सदन ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने पालिका के कामकाज को सराहा।

प्रातः 11 बजे पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में शुरू हुई बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिक. ारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने विशेष प्रस्ताव बजट के साथ ही 159 प्रस्तावों वाला एजेंडा सदन में प्रस्तुत किया। इसमें गत कार्यवाही की पुष्टि के उपरांत बजट प्रस्ताव पारित हुआ। बोर्ड मीटिंग में मुख्य रूप से शहर में पेयजल आपूर्ति सुधार, पथ प्रकाश, 300 से ज्यादा नए सड़क, जल निकासी व्यवस्था सुधार और सौन्दर्यकरण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। कर्मचारियों के आर्थिक हितों को लेकर भी बड़े निर्णय पर सहमति बनी।पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट में 2,90,34,90,000 रुपये की आय एवं 4,86,76,00,000 रुपये का अनुमानित व्यय सर्वसम्मति से पारित किया गया। लेखा विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक) में पालिका की वास्तविक आय 1,82,21,41,198 रुपये तथा व्यय 1,52,49,94,023 रुपये दर्ज किया गया। एक फरवरी तक पालिका के पास 2,66,78,87,900 रुपये की धन. राशि अवशेष रही। अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की समाप्ति पर 486.76 करोड़ रुपये व्यय करने के उपरांत 70.37 करोड़ रुपये से अधिक राशि अवशेष रहेगी। बोर्ड बैठक में वार्ड 20 के सभासद भाजपा कार्यकर्ता हनी पाल के निधन पर शोक व्यक्त कर मौन धारण किया गया। वहीं पालि. काध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की ओर से सल होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मीटिंग में 55 निर्वाचित सदस्यों में से 45 सभासद मौजूद रहे। हनी पाल के देहांत के बाद एक सीट रिक्त रही, जबकि अन्य 9 सभासद भी गैरहाजिर रहे।

**चेयरपर्सन के प्रस्ताव पर भगवान परशुराम के स्मारक को मिली मंजूरीः** बोर्ड मीटिंग में पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने टाउनहाल परिसर में भगवान परशुराम का एक भव्य स्मारक बनाकर उनकी मूर्ति स्थापना का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति मिली। इस स्मारक पर पालिका 50 लाख रुपये खर्च करेगी। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सभी 159 प्रस्तावों के पारित होने के साथ ही विकास और सौन्दर्यकरण के कार्य बड़े पैमाने पर प्रारंभ होंगे। सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित की गई विकास महायोजना में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण, पथ प्रकाश व्यवस्था का विस्तार, विभिन्न निर्माण कार्यों को गति, कर्मचारियों के आर्थिक हितों की सुरक्षा तथा शहरी सौन्दर्यकरण की विशेष परियोजनाएं शामिल हैं। सभासद राजीव शर्मा ने इसके लिए चेयरमैन का ब्राहमण समाज की ओर से आभार जताया। इन योजनाओं के धरातल पर उतरते ही मुजफ्फरनगर शहर आधुनिक सुविधाओं से युक्त और अधिक आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

**ओवर ब्रिज के नीचे बास्केटबॉल कोर्ट व ओपन जिम स्थापित होंगेः** बोर्ड बैठक में शहरी सौन्दर्यकरण से जुड़े 30 विशेष कार्यों की लगभग 24 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को भी मंजूरी दे दी गई। इनमें शहर के तीन ओवरब्रिजों के नीचे खाली स्थानों का उपयोग अब जनसु. विधाओं के लिए किया जाएगा। जानसठ ओवरब्रिज के नीचे बास्केटबॉल कोर्ट तथा गांधी कॉलोनी ओवरब्रिज के नीचे ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। तीनों ओवरब्रिजों पर आकर्षक सीएनसी कटिंग व लाइटिंग कार्य कराया जाएगा, जिससे रात्रि में शहर की सुंदरता बढ़ेगी और युवाओं को खेल व व्यायाम की आधु. निक सुविधाएं मिलेंगी। मेरठ रोड, रुड़की रोड और कच्ची सड़क क्षेत्र में भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे, जिन पर करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। जानसठ, भोपा और गांधी कॉलोनी मार्ग के ओवरब्रिजों पर लगभग सवा करोड़ रुपये की लागत से लाइटिंग कार्य होगा। डीएम आवास से सूजडू चुंगी तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये से आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण, मेरठ रोड और सर्कुलर रोड पर लगभग 10 करोड़ रुपये के सौन्दर्यकरण कार्य, मुख्य मार्गों के डिवाइडरों व पाथवे पर गमले, नई मंडी चौड़ी गली में फैंसी पोल, शिव चौक पर वॉल डेकोरेशन तथा चुंगी नंबर दो का सौन्दर्यकरण भी स्वीकृत प्रस्तावों में शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त कंपनी बाग में टॉय ट्रेन के सौन्दर्यकरण पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे तथा 19. 80 लाख रुपये की लागत से 52 बिस्तरों वाला दो शौचालय युक्त आवासीय कंटेनर भी खरीदा जाएगा, जिसका उपयोग विशेषकर वर्षा ;तु में किया जाएगा।

**बोर्ड में सर्व समाज की भावनाओं को भी मिला सम्मान, अटल-अब्दुल हमीद चौक पासः** नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शहर में आगामी दिनों में समाज की भावनाओं को देखते हुए कुछ नए चौराहे बनाने के साथ ही भगवान परशुराम का भव्य स्मारक निर्माण कराने का प्रस्ताव भी सदन में पारित कराया।

नगरपालिका परिषद् की टाउनहाल सभाकक्ष में सम्पन्न बोर्ड मीटिंग में पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सदन में अपनी ओर से प्रस्ताव रखा। इसमें टाउनहाल प्रांगण में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना के साथ ही उनका एक भव्य स्मारक निर्मित कराना प्रस्तावित किया गया, उनके इस प्रस्ताव को सम्पूर्ण सदन ने करतल ध्वनि के साथ पारित किया। वार्ड 49 से सभासद मनोज वर्मा ने स्वर्णकार समाज के पूज्य महाराजा अजमीढ़ जी की मूर्ति स्थापना के लिए शहर में एक चौराहा आवंटित करने की मांग की। सभासद मौहम्मद खालिद, रविकांत शर्मा, रजत धीमान, राजीव शर्मा, अमित पटपटिया, प्रियांक गुप्ता, सुनीता, अनुज, विनीत आदि ने समर्थन किया। सदन ने सर्वसम्मति से यह पारित किया।

इसके अलावा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर मीनाक्षी चौक का नाम अटल चौक रखने के लिए मंत्री कपिल देव द्वारा 23 दिसंबर 2025 को पालिकाध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। इसको भी पारित किया गया। वहीं सभासद नौशाद खान और मौ. खालिद के पत्र का संज्ञान लेते हुए बोर्ड बैठक में सुजडू चौराहा का नाम पाकिस्तान के खिलाफ जंग में शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखने का प्रस्ताव लाया गया, ये भी पारित हुआ। बोर्ड मीटिंग में सभासद अनुज ने महर्षि वाल्मीकि और डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा भी बनाने की मांग की, जिसको विचारार्थ अगली बैठक में रखने के निर्देश पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने दिए हैं।

# बैंक से पीछे लगे जेबकतरों ने किसान की जेब काटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में हर हफ्ते शनिवार के दिन लगने वाली पैंठ में जेबकतरों का पूरा बोलबाला रहता है।

कुछ दिन पूर्व जेबकतरों ने पैंठ में आए कई लोगों व महिलाओं की जेबें काटकर हजारों रुपये की नगदी साफ कर दी थी लेकिन आज फिर जेबकत. रों ने अपना कमाल दिखाते हुए एक व्यक्ति की जेब काटकर 20 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। पीडित युवक के अनुसार वह किसी बैंक से 25 हजार रुपए निकालकर अपने घर पर जा रहा था। जब वह पैंठ में आया तो किसी अज्ञात जेबकतरे ने उसकी जेब काटकर 20 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। जैसे ही उक्त व्यक्ति को अपनी जेब कटने का आभास हुआ तभी जेबकतरा भी घटना को अंजाम देकर फरार होने में कामयाब हो गया था। इस घटना की तहरीर पीड़ित व्यक्ति ने थाने में पहुंचकर दी और अज्ञात जेबकतरे के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई। उधर बुढाना पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगालने का काम शुरु कर दिया था। लोगों का कहना है कि पैंठ में किसी ना किसी की जेब कटती रहती है। कुछ लोग पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत करते हैं तो कुछ लोग मन ममोसकर रह जाते हैं। पुलिस से जेब. कतरों के विरुद्ध अभियान चलाए जाने की मांग नागरिकों द्वारा की गयी है।

# चकबंदी लेखपाल की पैसे गिनते वीडियो वायरल

## कुछ विभागों के कर्मचारियों के भ्रष्टाचार की वीडियो खोल रही है पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बघरा।** कानून की सख्ती, पुलिस प्रशासन की कडी कार्यवाही के बावजूद भी कुछ अधिकारी व कर्मचारी महकमे को भ्रष्टाचारी के दल दल में धकेल रहे है जिससे संबंधित विभाग की छवि धुमिल हो रही है। पिछले काफी समय से देखने में आ रहा है कि कुछ विभाग के कर्मचारी भ्रष्टाचारी में लिप्त है,हालांकि पुलिस प्रशासन के अधिकारी आरोपी कर्मचारियो पर विभागीय कार्यवाही कर रहे है, लेकिन इसके बाद भी रिश्वत खोरी पर अंकुश नहीं लग रहा। हाल ही में एसएसपी ने बुढ़ाना क्षेत्र व अन्य थानें के पुलिसकर्मियों पर रिश्वत खोरी के आरोपी में कार्यवाही की तो वहीं डूडा के एक कर्मचारी की रिश्वत लेने के आरोप की वीडियो वायरल हुई।

जिसमें वह स्वयं ही लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से रिश्वत लेने की बात स्वीकार कर रहा है। शनिवार को भी एक मामला तितावी क्षेत्र का सामने आया है जहां चकबंदी लेखपाल की रिश्वत लेने की वीडियो वायरल हो रही है।

बता दे कि पिछले काफी समय से कुछ विभाग की भ्रष्टाचारी उजागर हो रही है। कुछ मामलों में लिखित शिकायत के बाद मामले सामने आए और पीडितों ने अधिकारियों के समक्ष पेश होकर संबंधित विभाग के कर्मचारी पर रिश्वत लेने के आरोप की तहरीर दी तो कहा कुछ विभाग के अधिकारी की वीडियो रिश्वत लेते हुए वायरल हो रही है।

शनिवार को जो मामला सामने आया है वो तितावी क्षेत्र का है बताया जाता है कि एक वीडियो वायरल हो रही है जिसमें चकबंदी विभाग का एक लेखपाल वीडियों में रूपये गिनता हुआ नजर आ रहा है। यह तो स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कि वह रूपये रिश्वतखोरी के है या वह अपने ही विभाग के किसी काम के रूपयों को गिन रहा है फिलहाल चकबंदी लेखपाल पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि उप लेखपाल ने कानुनगों के साथ मिलकर कई किसानों का शोषण किया है। ग्रामीणों का कहना है कि भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह के प्रयासों से 1954 में चकबंदी योजना शुरू हुई थी। और यह योजना किसानों की भलाई के लिए की गई थी ग्रामीणों का कहना है कि कुछ कर्मचारियों ने भ्रष्टाचारी की सभी सीमाएं लांधकर पैसे कमाने का जरिया बना लिया है।

# पुलिस ने फर्जी जमानती दबोचा, दूसरा फरार

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** दो सगे भाइयों ने फर्जी कागजों के आधार पर जेल में बंद एक बदमाश की जमानत कराने की योजना बनाई जो पुलिस ने विफल कर दी। रतनपुरी थाने के दारोगा शैलेंद्र सिंह को जेल में बंद बदमाश नौशाद निवासी ग्राम पांचली मेरठ के 2 जमानतियों मौमीन व सैय्यद पुत्रगण रियाज निवासीगण ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा के जमानत तस्दीक के प्रार्थना पत्र मिले। प्रार्थना पत्रों की जांच करने दारोगा जब गांव हुसेनाबाद भनवाडा गये तो उन्हें दोनों जमानती घर मिल गये। जब उन्होंने दोनों जमानतियों की तस्दीक की तो दोनों ने दारोगा को अपने आधार कार्ड, फोटो व ग्राम प्रधान का लैटर दिखाया तो दारोगा को जमानती सैय्यद के प्रार्थना पत्र पर लगे उसके फोटो पर रजिया नाम लिखा मिला व दूसरे जमानती पर कुछ नहीं लिखा मिला और तिथि भी गायब थी तो दारोगा को शक हुआ। जब दारोगा ने पूछताछ की तो दोनो घबरा गये और कुछ से कुछ बोलने लगे। दारोगा ग्राम प्रधान रजिया के घर पहुंचे और प्रधान को दोनों लैटर दिखाए तो उन्होंने लैटर पेड़ अपने होने से मना किया। दारोगा दोनों जमानतियों के घर पहुंचे और दोनों लैटर पेड़ फर्जी बताए तो दोनों भाइयों ने दारोगा से लैटर छीनकर फाड़ दिए और भाग गये। तभी दरोगा ने अपने अधीनस्थों की मदद से सैय्यद को पकड़ लिया जबकि उसका भाई भाग गया। पकड़े गये सैय्यद ने बताया हमसे गलती हो गयी। पैसों के लालच में हमने ही प्रधान का फर्जी लैटर बनवाकर बदमाश नौशाद की जमानत लेने की योजना बनायी।

# डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नगर ने कारागार का निरीक्षण किया। उन्होने बैरिकों और रसोईघर तथा सुरक्षा उपकरणों को चैक करते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान अधिकारियों ने बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली।

शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कारागार में पुरूष व महिला बैरिको का निरीक्षण करते हुए बंदियों से समस्याओं की जानक. ारी लेते हुए यह भी पूछा गया कि खाने में क्या मैन्यू दिया जा रहा है।

इस दौरान डीएम एसएसपी ने बंदियों से जानकारी ली और उन्होने जिला कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए बीमारों से दवाईयों के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद दोनो अधिकारियों ने जिला कारागार का लेखा जोखा चैक किया और मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन भी किया। इसके बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नगर ने सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगाए गए जेवर प्रणाली और जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चैक किया। इसके उपरान्त कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया गया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रति. बंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

अंत में जिलाधिकारी द्वारा जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# अतिक्रमण अभियान में सामान किया जब्त

## झांसी की रानी, शिव चौक, जिला परिषद मार्ग पर किया सामान जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की देर रात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।सड़कों पर जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया।

इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में प्रमुख क्षेत्रों में औचक अभियान चलाया गया। यहां पर कुछ सामान भी जब्त किया गया। नगर पालिका और पुलिस टीम ने दुकानों की सीमा से बाहर रखे स्टूल, कुर्सियां और अन्य सामान को ट्रेक्टर-ट्रॉलियां में भरकर पालिका कार्यालय में भिजवाया। टीम का कहना है कि बार-बार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण बढ़ रहा है। बता दे कि पालिका व पुलिस बराबर अतिक्रमण अभियान चलाए हुए है।

# तेल बनाने की अवैध फैक्ट्री को किया सील

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल मार्ग पर तेल का काला कारोबार बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां पर भारी मात्रा में तेल को रिफाईन करके रसायन तेल बनाकर उसको बाजार में बेचा जा रहा है जिससे साफ-साफ है कि कुछ लोग अभी भी लोगों के शरीर से खिलवाड कर रहे है यां यू कहा जाए कि सीधे-सीधे उन्हे मौत के मुंह में धकेला जा रहा है, हालांकि इस गोदाम के पास कई बार भयंकर आग भी लग चुकी है, जिसमें काफी नुकसान होने के साथ जानी नुकसान भी हुआ था। सबसे बडी बात यह है कि इस गोदाम के पास एक बडा मदरसा भी है जहां कई सौ बच्चे आलीम हाफिज करते है और इस गोदाम से यहां खतरा पैदा भी हो सकता है। आज टीम द्वारा मारे गए छापे के दौरान भारी संख्या में ड्रम पाए गए। यहां पहुंची प्रदूषण विभाग की टीम ने मशीनों को सील कर दिया है।



मुजफ्फरनगर: होली का गुलाल लगाकर छात्राओं और अध्यापिकाओं ने खेली होली।

# किसान से मांगी 21 लाख की रंगदारी, पुलिस ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा क्षेत्र के गांव हाजीपुर के एक किसान ने कुछ लोगों पर हत्या की धमकी देने और इक्कीस लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। सवाल यह है कि यदि किसान से रंगदारी मांगी गई है तो यह पुलिस की सख्ताई और पुलिस कार्यप्रणाली में प्रश्न-चिन्ह लगा रही है, हालांकि अभी तक पुलिस इस मामले को स्पष्ट नहीं कर सकी कि मामले फिरोती मांगने का है या इसके पीछे कोई रंजिश है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला पठानान निवासी राजकुमार ने बताया की वह हाल मे गांव हाजीपुर मे रहता है। उसकी पत्नी गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। इलाज के खर्च के चलते उसने करीब चार माह पूर्व अपनी खेती की जमीन बेच दी थी। आरोप है कि इसके बाद से निकटवर्ती गांव फिरोजपुर व भोकरहेड़ी के कुछ व्यक्ति लगातार फोन कर उससे 21 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। आरोपी बार बार फोन कर पैसे की मांग करते हैं तथा पैसे न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं। फोन कॉल रिसीव न करने पर आरोपी घर पर आकर धमकी देते हैं। पीड़ित राजकुमार ने बताया कि पिछले चार माह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है और किसी अप्रिय घटना की आशंका भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# दो बेसहारा महिलाओं को मिला सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली स्थित दिव्यांग आश्रम आर्य सुगंध संस्थान में मानवता की मिसाल देखने को मिली। जब दो बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय प्रदान किया गया। वर्षों से दर-दर भटक रहीं यह महिलाएं अलग-अलग राज्यों से यहां पहुंचीं और अब उन्हें एक सुरक्षित ठिकाना मिल गया है।

संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 75 वर्षीय संध्या गोपी झारखंड की निवासी हैं। बताया गया कि उनके भाई की हत्या के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। पारिवारिक सहारा खत्म होने के बाद वह पिछले करीब दस वर्षों से इधर-उधर भटक रही थीं। उम्र के इस पड़ाव पर अकेले जीवन यापन करना उनके लिए बेहद कठिन हो गया था।

दूसरी महिला 68 वर्षीय हीरा मुखर्जी पश्चिम बंगाल से हैं। उन्होंने बताया कि उनकी एक बेटी है। दामाद द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया। परिवार का साथ छूटने के बाद वह भी कई वर्षों तक भटकती रहीं। इस दौरान उन्हें न तो स्थायी आश्रय मिला और न ही समुचित देखभाल। जीवन की मार झेल रहीं यह दोनों महिलाएं भटकते-भटकते एक-दूसरे से मिलीं। समान परिस्थितियों ने उन्हें एक-दूसरे का सहारा बना दिया। किसी तरह जानकारी मिलने पर दोनों मंडावली स्थित आश्रम पहुंचीं, जहां उन्हें सहानुभूति और संरक्षण मिला। आश्रम में प्रवेश करते ही वह भावुक हो उठीं। आश्रम की प्रबंधिका कमलेश आर्या से मिलकर दोनों महिलाओं ने अपनी दर्दभरी कहानी साझा की। उनकी आपबीती सुनकर आश्रम परिवार भी भावुक हो गया। संस्थान के सदस्यों ने उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि अब उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें परिवार जैसा माहौल देने का प्रयास किया गया।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 1 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



उप्र के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज पेज 2



भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टर फाइनल पर खेल टाइम्स



पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा: 300 की मौत, 500 लोग घायल पेज 11



राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी बॉलीवुड

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

## 85 छात्राओं सहित 201 लोगों की मौत, 747 से अधिक नागरिक हुए घायल

### ईरान का पलटवार

ईरान ने भी इजरायल, कुवैत, कतर, बहरीन व सऊदी में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए

ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

दुबई एयरपोर्ट ने सभी उड़ानें रद्द की, इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक, स्कूल-दफ्तर बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इन हमलों में दक्षिणी ईरान में अब तक 85 छात्राओं समेत 201 की मौत हो गई है। जबकि 747 से अधिक घायल हैं। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। जबकि 45 घायल हैं।

इस हमले में करीब 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे। राहत और बचाव अभियान जारी होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यानी देशों के हमलों में अब तक कुल 201 मौत हो चुकी हैं। इसमें मिनाब शहर की एक प्राथमिक बालिका विद्यालय की 85 छात्राएं, ईरान के पूर्वी इलाके में एक स्कूल के दो छात्र और अबू धाबी में हुई एक मौत शामिल है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजरायल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी ड्रोन हमला किया। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजरायल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजरायल का जाइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान में तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं।



### पश्चिम एशिया से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कदम उठाए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले और इसके जवाब में कई देशों पर ईरानी कार्रवाइयों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्रालय से पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ता तनाव बेहद चिंताजनक है। पश्चिम एशिया में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए।

### ईरान, इजरायल व कतर स्थित दूतावासों की भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह

- हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ईरान, इजरायल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा ईमेल पर संपर्क करने को कहा है। कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने तथा दूतावास और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समाचार और परामर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिक दिन-रात काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 और दूतावास के ईमेल cons&doha@mea&gov&in पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा है कि सभी नागरिक स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा जारी आपातकालीन अलर्ट का पालन करें। जन सुरक्षा के हित में सभी से आग्रह है कि सैन्य स्थलों के आसपास जाने से बचें, घर या अन्य किसी भी भवन के अंदर रहें, और अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें या आवागमन करें, ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में कहा है कि बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में संबंधित समाचारों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में जागरूक रहने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गई है।

### इजरायल का दावा: हमले में ईरान के रक्षा मंत्री व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इजरायली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### 11वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा



इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, 8वीं की बैन पुस्तक है, तो लौटाएं

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस एनसीईआरटी मुख्यालय में जमा कराई जाएं। एनसीईआरटी ने यह भी कहा कि इस किताब के 'The Role of the judiciary in Our Society' अध्याय से जुड़ा कोई भी कंटेंट यदि सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाए। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किताब पर रोक लगाए जाने के बाद उसे डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फैलने से रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

### एयर इंडिया, इंडिगो ने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान एआई139 को इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए वापस लौटना पड़ा था। एयरलाइन ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई
- विदेश मंत्रालय बोला: सभी पक्ष संयम बरतें

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया।

इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। ईरान पर हमले से भारत के लिए भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। लड़ाई लंबी चली, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता समेत कई मोर्चों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा ईरान के पड़ोसी देशों से आयात करता है। देश का करीब 40 से 60 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के निकास मार्ग से आता है। यहां किसी तरह का सैन्य अवरोध होने पर तेल की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। खाड़ी देशों में 80 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनकी सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर इनकी निकासी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### प. बंगाल: फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 61 लाख नाम काटे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस के बाद राज्य में वोटरों की संख्या 7,04,59,284 हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फार्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फार्म-6 और फार्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोसेस में 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं।

## आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत

- आठ लोगों की हालत गंभीर
- राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्ट्री में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम नायडू ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन




**हुबली।** जम्मू-कश्मीर की टीम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नए रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। पहली पारी के शतकधारी शुभम पुंडीर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 245 रन बनाने तथा 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2:10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुमकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गए, लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी। लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल ने 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 160 तथा साहिल लूथरा ने 226 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए।

तुरन्त आवश्यकता
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2
सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

# पचास गांव में सैकड़ों स्थानों पर होगा होली का दहन

**मोरना।** क्षेत्र मे होली के त्यौहार की तैयारी शुरू हो गयी हैं। पूर्व की भांति सार्वजनिक स्थानों पर ईंधन को इकट्ठा कर होली का रूप दिया जाने लगा है।सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया है।भोकरहेड़ी मे सबसे अधिक नो स्थानों पर होली का दहन किया जायेगा।

भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मे ग्रामीणों ने होली दहन की तैयारी को लेकर होली को तैयार करना शुरू कर दिया है। क्षेत्राधिकारी भोपा देवव्रत वाजपेयी ने बताया की भोपा थाना क्षेत्र के 54 गांव मे 101 स्थानों पर होली का दहन किया जायेगा।जिनमे 14 स्थानों को मिश्रित आबादी के लिए चिन्हित किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की संवेदनशील स्थानों चिन्हित किया गया है। शान्ति सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गयी है। कानून गो सुनील शर्मा ने बताया की गादला गांव मे दुलेहंडी के उपरांत होली पर लगने वाले मेले का आयोजन किया जायेगा लेखपाल मनोज कुमार ने बताया की कस्बा भोकरहेड़ी मे 9 स्थानों पर होली का दहन किया जायेगा। पुलिस व तहसील प्रशासन



होली के पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने मे जुटा हुआ है।भोकरहेड़ी मे मोहल्ला सुभाष चौक,नेहरू चौक, हरिजन चौक,बेहड़ा पट्टी,लोकुपुरा उत्तरी, वाल्मीकि बस्ती,कुंवापटी मोहल्ले मे होली का दहन किया जायेगा।देहात क्षेत्र मे गन्ने की पत्तियों व गोबर के उपले तथा सुखी लकड़ियों से होली को बनाया जाता है। ककरौली थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र के 24 गांव मे 46 स्थानों पर होली का दहन किया जायेगा।

### यादगार हैं बड़ी होली के स्मरण

फिरोजपुर निवासी बुजुर्ग किसान वीरपाल सिंह बालियान ने पुराने दौर का स्मरण करते हुए बताया की गांव मे घरों पर फूंस घांस के छप्पर की छत होती थी जिन्हे होली के समय बदला जाता था। पुराना छप्पर होली पर रखा जाता था। तथा महिलाएं बड़ी संख्या मे गोबर के बरकुल्ले की माला बनाकर होली पर चढ़ाती थी।जिससे होली बहुत विशाल हो जाती थी।वर्तमान मे होली का आकार घट रहा है।

## तहसील में रंगों की बौछार, अधिवक्ताओं ने होली पर बढ़ाया भाईचारे का रंग

**खतौली।** रंगों के पर्व होली की खुशियां शनिवार को खतौली तहसील परिसर में भी पूरे उत्साह के साथ मनाई गईं। न्यायिक एवं रजिस्ट्री संबंधी कार्यों के संपादन के बाद अधिवक्ता एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। देखते ही देखते तहसील परिसर रंगों से सराबोर हो गया और ह्होली हैह्व के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

ढोल-नगाड़ों की थाप और फागुनी गीतों की मधुर धुन पर वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने मिलकर अबीर-गुलाल लगाया। इस अवसर पर सभी ने आपसी मतभेदों को भुलाकर गले मिलते हुए एकता, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर भी है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में समरसता और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी माना कि व्यस्त न्यायिक दिनचर्या के बीच इस तरह के आयोजन मानसिक ताजगी और आपसी तालमेल को मजबूत करते हैं। बार एसोसिएशन के पदाधिका. रियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में सभी ने सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरे कुल 6 भाई क्रमश: रशीद अहमद, सगीर अहमद, शब्बीर अहमद, स्व. सईद अहमद, रईस अहमद व अमीर अहमद है। मेरे माता-पिता का पूर्व में देहान्त हो चुका है वर्तमान में सभी भाईयो का अपने परिवार सहित अलग-अलग कारोबार व अलग-अलग रिहाईश है। मेरे छोटे भाई अमीर अहमद का मेरे व मेरे अन्य भाईयो के साथ व्यवहार ठीक नही है, जिससे तंग व परेशान होकर सभी भाईयो ने अमीर अहमद से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। सभी भाईयो का अमीर अहमद से कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नही रहा है। अमीर अहमद अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

**शब्बीर अहमद पुत्र छोटे मिया**
**निवासी जहाज वाली गली,**
**निकट जुम्मा मस्जिद, न्याजूपुरा,**
**थाना-कोतवाली नगर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## राष्ट्रीय एकता व कैरियर मार्गदर्शन शिविर में युवतियों को मिला भविष्य संवारने का संदेश

**■ पांचवे दिन गंगधारी में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन ग्राम गंगधारी में राष्ट्रीय एकता एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम ग्राम प्रधान सरला देवी के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक श्री संजीव कुमार शर्मा तथा दैनिक जागरण, खतौली के वरिष्ठ पत्रकार बसंत गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने विभिन्न रोजगार एवं कैरियर संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासित समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक हैं। अतिथियों ने युवाओं से आ]वान किया कि वे शिक्षा को अपने जीवन की प्राथमिकता बनाएं और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वयंसेविकाओं ने भी ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को शिक्षा के महत्व, सही कैरियर चयन और राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी श्रीमती सुलक्षणा आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि कैरियर का अर्थ केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप जीवन को सार्थक दिशा देना है। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता वर्मा ने राष्ट्रीय एकता को राष्ट्र की शक्ति बताते हुए कहा कि समान अधिकार, पारस्परिक सम्मान और भाईचारे की भावना ही देश को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि, अनीता, साधना सोम, कोमल, उमा, रूपा, प्रियंका, कुमारी लेबा, रोहित राठी, संजीव शर्मा, संजय कुमार, अनिक. ेत एवं शक्ति सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## एएनएम सुभलता शर्मा के सेवानिवृत होने पर दी विदाई




**मोरना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गांव बरूकी में तैनात एएनएम सुभलता शर्मा के सेवानिवृत होने पर शनिवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सहयोगी स्टाप के द्वारा उपहार भेंट किए गए।

समारोह में मुख्य वक्ता डा. आरडी गौड ने कहा कि एएनएम सुभलता शर्मा की प्रथम तैनाती वर्ष 1999 में गंगा खादर क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर के उप स्वास्थ्य केंद्र पर हुई थी, करीब 15 साल की सराहनीय सेवा के बाद उनका तबादला गांव बरूकी उप केंद्र पर हुआ था। कार्यक्रम सुमन चौहान, सुलेखादास, विजय शर्मा, डोली, श्रति ने उन्हें प्रतीक चिंह व उपहार भेंट किए गए।

### संक्षिप्त समाचार

## पथराव कर रहे कई लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**बुढ़ाना।** खेत में फसल बौने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड पड़े। दोनों और से जमकर पथराव हुआ। इससे पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमें सभी लोगों को बुढाना एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। तब जमानत होने के बाद फिर से ये ही लोग आपस मे झगड़ा कर रहे थे कि पुलिस ने ऐन मौके पर आकर पकड लिया और जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना फुगाना में तैनात दारोगा तेजवीर सिंह अपने अधीनस्थों के साथ गांव कुरावा में किसी मामले की जांच करने जा रहे थे कि उन्हें डायल 112 से सूचना मिली कि लालूखेडी से फुगाना मार्ग पर ग्राम खरड में पेट्रोल पम्प के सामने दो पक्ष खेत के बंटबारे व फसल बोने को लेकर झगडा करने पर उतारु हैं। समझाने पर मान नही रहे हैं। हम पुलिस वालो की संख्या कम है। पुलिस बल की आवश्यकता है। उक्त सूचना पर दारोगा मौके पर पहुंचे तो देखा दो पक्ष के दर्जनों लोग एक दूसरे पर आक्रोशित होते हुए गाली गलौज, मारपीट व पथरावघ कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को खूब समझाया लेकिन कोई भी पक्ष नहीं माना। तब पुलिस ने मौके पर पथराव कर रहे गांव खरड के विकास पुत्र रविन्द्र, रविन्द्र व प्रमोद पुत्रगण बाबूराम, रवि पुत्र मांगेराम, मांगेराम पुत्र निरंजन, सोबन पुत्र जोगिन्द्र सहित अन्य लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया जबकि अन्य कई लोग मौका पाकर फरार हो गये।

## एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मिलन उत्सव समारोह

**मुज़फ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भव्य हमिलन समारोहह्व का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 210 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आनंददायक एवं यादगार रहा।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में रंग, उमंग एवं भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। बी.टेक प्रथम वर्ष से मिस्टर फेशर प्रियंश त्यागी एवं मिस फेशर शगुन वत्स रहीं, जबकि मिस्टर पॉपुलर गातुम धीमान एवं मिस पॉपुलर तनिष्का चुनी गईं। बी.ए. प्रथम वर्ष से मिस्टर फेशर गुरमीत एवं मिस फेशर अपना चुनी गईं। वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए हमिस्टर एवं मिस फेयरवेलह्व का चयन किया गया।बी.टेक अंतिम वर्ष से मिस्टर फेयरवेल नितिन कुमार एवं मिस फेयरवेल ईशिता सिंघल रहीं।एमबीए से मिस्टर फेयरवेल अथर एवं मिस फेयरवेल कुलसूम चुनी गईं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अनुभव कुमार ने भी अपने भाषण दिये। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन महाविद्यालय परिवार के लिए एक प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय अवसर सिद्ध हुआ।

## लेन देन को लेकर दो दुकानदार भिड़े

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के पुराने बस स्टेंड के निकट एक मस्जिद के पास दुकान करने वाले दो दुकानदार लेन देन को लेकर आपस में भिड़ गये। दोनों में जमकर मारपीट हुई तो कुछ ही देर में भीड़ भी तमाशबीन बन गयी। किसी ने भी दोनों दुकानदारों को छुड़ाने की कोशिश नहीं की। इससे पहले कोई बड़ी वारदात होती तब किसी की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों दुकानदारों का बीच बचाव कराते हुए अरशद पुत्र ग"यूर अली को पकड़ लिया और अपने साथ ले गयी जबकि दूसरे दुकानदार सचिन कुमार और कालू को पुलिस ने कुछ नहीं कहा। इस बात को लेकर आसपास के दुकानदार असमंजस में रहे। यह घटना शनिवार सायं की बताई गयी है। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी।

## एसडी कॉमर्स में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर एक भाषण / पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 सचिन गोयल, विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला, डीन डा. नवनीत वर्मा आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया तथा सभी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की शुभकामनाएं दी। इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना रही । विज्ञान विभाग के विद्यार्थियो ने इसी थीम पर अपनी भाषण व पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रस्तुत की एवं सभी को विज्ञान के क्षेत्र में नवीन उपलब्धियो से अवगत कराया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुबा को मिला द्वितीय स्थान मानसी को दिया गया । तृतीय स्थान आयुषी को मिला तथा सांत्वना पुरूस्कार गारिमा व सिमरन शर्मा का को मिला । प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में एकता मित्तल, डा. मानसी, व सपना रहे। प्रतियोगिता का संचालन मोनिका पंवार के द्वारा किया गया।

## लाला जगदीश प्रसाद में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खेली होली

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्राइमरी विंग में नन्हे मुन्ने बच्चों ने होलिकात्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने होली से जुडी एक्टिविटी करते हुए जमकर रंग और गुलाल उड़ाया। प्राइमरी विंग में होलिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। इसके उपरांत बच्चों को होलिका दहन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों ने ऑर्गेनिक रंगों के साथ जमकर होली खेली। साथ ही बच्चों को गुंजिया का प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बच्चों से आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर प्राइमरी विंग की अध्यापिकाओं ने नन्हे मुन्ने बच्चों को रंग और गुलाल लगाया। साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों और अध्यापिकाओं ने जमकर नृत्य किया। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने भी नन्हे मुन्ने बच्चों को गुलाल लगाकर तथा मिष्ठान खिलाकर होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की कोर्डिनेटर पूनम शर्मा, मुस्कान आहूजा, गोदावरी गुप्ता, शोभना कौशिक, कविता, तनु अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। आगामी पर्व व त्यौहारों( होली, रमजान व ईद) को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी( प्रशासन), पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया।

## फ्लाईओवर के विरोध में कॉलोनीवासियों का प्रदर्शन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुवाड़ा रोड पर रेलवे लाइन के ऊपर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण को लेकर मूलचंद विहार और जमुना विहार के निवासियों में नाराजगी देखने को मिली।

मुख्य मार्ग बंद होने की आशंका जताते हुए कालोनीवासियों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई और प्रशासन से जल्द समाधान की अपील की।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू अहलावत के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम खतौली निकिता शर्मा से मिला और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मनोज सहरावत ने बताया कि फ्लाईओवर बनने के बाद दोनों कॉलोनियों का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो जाएगा, जिससे हजारों लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और आवागमन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है, ताकि कॉलोनियों का संपर्क सुचारु रूप से बना रहे। एसडीएम निकिता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को तलब किया और कॉलोनीवासियों की मांग पर विचार करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने जानकारी दी कि अंडरपास का ड्राइंग लखनऊ से तैयार होकर आने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

राजू अहलावत ने कहा कि जब तक अंडरपास की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक फ्लाईओवर निर्माण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राजबीर सिंह, महिपाल, अबरार, संजय, राजकुमार, सुनील और नरेशपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 में रोमांचक मुकाबला

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 के मैच-10 में बुधवार को सीसीएस स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस और बिंदल स्ट्राइकर्स के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। अंत तक चले संघर्ष में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने बिंदल स्ट्राइकर्स को 3 रन से हराकर शानदार जीत अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 128 रन बनाए। टीम की ओर से शोएब सिद्दीकी ने 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। सार्थक सिंह ने 19 और कुशल यादव ने 13 रन का योगदान दिया। बिंदल स्ट्राइकर्स की ओर से प्रिंस यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि शौर्य सैलार ने 2 विकेट हासिल किए।

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदल स्ट्राइकर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मध्यक्रम में अक्षय त्यागी ने 44 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। शिव पंवार ने 30 रन जोड़े। इसके बावजूद टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन ही बना सकी और जीत से 3 रन दूर रह गई। क्रिस्टल बालाजी टाइटंस की ओर से दीपक राणा और नफीस कुरैशी ने 2-2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।शानदार प्रदर्शन के लिए शोएब सिद्दीकी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मुकाबले के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम ओवर तक चले इस मैच ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया है।आज का मैन ऑफ द मैच शोएब सिद्दीकी रहे यह पुरस्कार उन्हें जगमोहन गोयल ने दिया। फाइटर ऑफ़ द मैच प्रिंस यादव रहे यह पुरस्कार उन्हें अखिलेश दत्त शर्मा सचिव एस डी डिग्री कॉलेज ने दिया।

## डीएम ने होली व ईद के त्यौहार को लेकर पीस कमैटी की बैठक ली

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद में होलिका दहन/होली व नवरात्रि तथा ईद- उल-फितर (रमजान) आदि त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने के संबंध कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण, परम्परागत रूप से बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी भाई-चारें के साथ त्योहारों को मनाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर लिया जाए, परम्परागत ढंग से होलिका दहन/होली त्यौहार मनाया जाए, कोई नई परम्परा न डाली जाए। उन्होंने यह भी अपील किया है कि सभी त्यौहार एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आपसी भाई-चारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने सभी सम्बंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी के साथ त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि त्योहारों में किसी भी दुर्घटना आदि की दशा से निपटने के लिये जिला चिकित्सालय सहित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाये। अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें । उन्होंने त्योहार के दौरान बिजली, पानी, साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ईओ नगर पालिका सहित सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने त्योहारों के दौरान किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनपदवासियों को त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने-अपने हिसाब से त्योहारों को मनाये। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाई-चारें और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विशेष तौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाये जाने वाले अफवाहों पर ध्यान न दे। उन्होंने सभी से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग की अपेक्षा की। पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे ने कहा कि यातायात अभियान चल रहा है, होली पर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर वाहन न चलाएं यदि ऐसा पाया जाता है तो, उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, यातायात नियमों का पालन करें। संवे. दनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये।बैठक में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए पीस कमेटी के सदस्य ने प्रशासन के साथ अपने सामान्य परिचय के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में अमन-चौन, आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाये जाने का अश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, पीस कमेटी के सदस्य, गणमान्य नागरिक सभी संबंधित अधिकारी गण एवं पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

## सांप्रदायिक सौहार्द का उदाहरण रोजा इफ्तार का हुआ कार्यक्रम



**शाहपुर।** नगर पंचायत के चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी द्वारा आयोजित सां. प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक रोजा इफ्तार कार्यक्रम ने गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत छवि प्रस्तुत की। इस आयोजन में दोनों संप्रदायों के लगभग 5000 लोगों ने हिस्सा लेकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस प्रकार के कार्यक्रम सामा. जिक समरसता को प्रोत्साहित करने वाले महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक हैं। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान थे, जिनके साथ वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अनुज अग्रवाल, अनिल बंसल, हाजी नफासत ख़ान, अब्दुल मालिक अंसारी, युवा समाजसेवी तोहिद त्यागी, पूर्व प्रधान मुरसलीन राईन, लोकदल नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, सभासद सोनू सैनी अनिल बंसल, जमशेद त्याग सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को स्फल बनाने में योगदान दिया। चौयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने उपस्थित सभी अतिथियों और नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सांस्क्रतिक आयोजनों को आगे भी जारी रखने की इच्छा जाहिर की। इस कार्यक्रम ने स्पष्ट कर दिया कि धार्मिक और सांस्क्रतिक भेदभाव से ऊपर उठकर जब समाज के लोग एक साथ मिलकर किसी उद्देश्य के लिए जुटते हैं, तो गंगा-जमुनी तहजीब की समृद्ध विरासत का सजीव अनुभव होता है। यह आयोजन न केवल रोजा इफ्तार का अवसर था, बल्कि आपसी समझ और सौहार्द को बढ़ावा देने वाला एक मंच भी था। ऐसे प्रयास सामाजिक समरसता की नींव को और मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक संदेश छोड़ते हैं।

## सीडीओ ने एलईडी प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनर्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग एलईडी के माध्यम से शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीअन्न का प्रचार -प्रसार कर लोगों को जागरूक किए जाने का अभियान चलाया जा रहा है।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत श्श्री अन्नश द्धबाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सावां आदिक्ष को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों और आम जनमानस को पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती और इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। एलईडी वैन के माध्यम से जन-जागरूकतायोजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए विशेष रूप से तैयार एलईडी द्धस्म्क्ऋ वैन का सहारा लिया जा रहा है। यह वैन उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जाकर श्री अन्न के महत्व पर आधारित लघु फिल्म,गीत,विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित कर रही है।श्री अन्न का प्रचार प्रसार से लोगो में श्री अन्न की चर्चा जोरो से है। श्री अन्न को सुपर फूड भी कहा जाता है।स्वास्थ्य के नजरिए से ये कैल्शियम, आयरन, और फाइबर से भरपूर होते हैं। मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक हैं।श्री अन्न की खेती में बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है और ये विपरीत जलवायु परिस्थितियों में भी उग सकते हैं।श्री अन्न के पैदावार में कम लागत आती ही क्योंकि श्री अन्न की उपज के लिए कम पानी,उर्वरक और कीटनाशक की आवश्यकता नहीं पड़ती।दुनिया भर में श्री अन्न की बढ़ती हुई मांग के कारण लाभ भी अधिक है। कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न की खेती करने वाले किसानों को कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं, जिनमें शामिल हैंरू मिलेट्स बीज मिनीकिट का नि:शुल्क वितरण। प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर अनुदान।मोबाइल आउटलेट पर अनुदान, मिलेट्स स्टोर पर अनुदान और प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता,प्रेरणा कैंटीन पर अनुदान। एलइडी प्रचार वाहन वाहन को मुजफ्फरनगर में शनिवार को प्रात: 11 बजे मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंदारकर , एव उपकृषि निदेशक प्रमोद सिरोही द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया । स्म्क वाहन प्रसारण जनपद में विकास भवन, तहसील सदर परिसर, विकासखंड सदर परिसर स्थान पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहे प्रयासों को एलईडी से प्रसारित विभिन्न प्रकार के लोकगीतों चलचित्रों को देखकर पूरा आनंद लिया।

## श्री श्याम परिवार सुखी परिवार का धूमधाम से संपन्न हुआ फाल्गुन महोत्सव



**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के द्वारा 41वा श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव बड़ी धूम धाम से नई मंडी रामलीला भवन में मनाया गया जिसमें श्याम बाबा का भव्य दरबार लगवाया गया श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत मनमोहक लग रहे थे । मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ,पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल,पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला,भाजपा नेता विशाल गर्ग, मौजूद रहे। मुख्य यजमान के रूप में अरविंद बंसल मिर्च वाले और अरुण गर्ग द्धपेपर वालेक्ष ,दिनेश मित्तल द्धटीनूक्ष,राजीव गर्ग ,श्रेय गोयल ज्वेलर्स रहे । वृंदावन से आये हुए रसिक संत भजन गायक चित्र विचित्र जी महाराज ने बाबा को और प्रेमियों को खूब रिझाया बाबा के प्रेमियों से पूरा पंडाल भरा हुआ था समिति की ओर से छप्पन भोग, इत्रवर्षा, और बाबा के सभी प्रेमियों के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था अर्पित जैन अक्षय फोम हाउस की ओर से की गई समिति ने सभी सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से समिति ऐसा सफल एवं अच्छा आयोजन कर पाती है समिति ने सभी श्याम प्रेमियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने अपना कीमती समय देकर इस कार्यक्रम को एक यादगार कार्यक्रम बना दिया श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग ,विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग,राजेंद्र गुप्ता,संजीव वर्मा, हर्षित अग्रवाल,प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल,अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग ,विवेक बंसल, मनोज खंडेलवाल, लव अग्रवाल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

## बबीता जाटव के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

**बुढ़ाना।** बीते शुक्रवार की रात करीब 8 बजे एक सड़क हादसे में परलोक सिधारी महिला बबीता जाटव का शनिवार के दिन सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस बडी घटना को लेकर परिवार में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है और मौहल्ले में भी शोक व्याप्त है। मृतका बबीता जाटव स्वर्गीय बसपा नेता सुभाष जाटव की पत्नि थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत बाईपास रोड निवासी बबीता जाटव अपनी पड़ोसन सुनीता पत्नि धीरज पाल जाटव, उसके पति धीरज पाल जाटव और उसकी 9 वर्षीया पुत्री परी के साथ खाना खाने के बाद घर से थोड़ी दूरी पर टहल रही थी। जब वे बड़ौत रोड पर स्थित एक पैट्रोल पम्प के पास आए तो एक अज्ञात वाहनघ के चालक ने चारों को टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। आते जाते लोगों ने सभी घायलों को पास के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने करीब 48 वर्षीया बबीता को मृत घोषित कर दिया गया जबकि तीनों घायलों धीरज, सुनीता व परी को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया था। बुढ़ाना पुलिस, मृतक और घायलोंघ के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेजें खंगाली और वाहन चालक की तलाश शुरु की। पुलिस ने बबीता के शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जहां पर शनिवार के दिन बबीता जाटव का नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया।

# बेगराजपुर कर्मचारी आत्महत्या में स्टाफ पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** बेगराजपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक्स-रे विभाग के एक टेक्नीशियन ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। मृतक के कमरे से मिला सुसाइड नोट तथा आत्महत्या से पूर्व बनाई गई वीडियो इस पूरे मामले को गंभीर बना रहा है।नोट में विभाग के चार कर्मचारियों और विभागाध्यक्ष एचओडी पर मानसिक उत्पीड़न,धमकी और प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,मृतक रामकुमार (35) पुत्र निर्भन सिंह निवासी पिपरी नूरपुर, जिला जालौन मेडिकल कॉलेज के एक्स-रे विभाग में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे।बताया जा रहा है कि उन्होंने शुक्रवार को अपने कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुसाइड नोट में क्या लिखा?

दो पन्नों के सुसाइड नोट में रामकुमार ने विभाग के राहुल त्यागी,दीपशिखा,कालूराम और सीमा नामक कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।नोट में लिखा है कि ये लोग एक महिला कर्मचारी को लगातार परेशान करते थे और गंदी भाषा का इस्तेमाल करते थे।जब रामकुमार ने इसका विरोध किया तो उन्हें निशाना बनाना शुरू कर दिया गया।नोट में यह भी उल्लेख है कि विभागाध्यक्ष एचओडी ने कथित तौर पर स्टाफ को अपने ऑफिस में बुलाकर धमकाया कि यदि किसी ने इन चार लोगों के खिलाफ मुंह खोला तो उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी जाएगी।रामकुमार ने लिखा है कि उन्हें टारगेट किया जा रहा था और उनका जीना मुश्किल कर दिया गया था।उन्होंने एक्स-रे और सीआर मशीन से जुड़े कुछ पुराने मामलों और विभागीय गड़बड़ियों का भी जिक्र किया है तथा आरोप लगाया है कि सच्चाई सामने लाने पर उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही थी।नोट के आखिर में उन्होंने लिखा कि वे मानसिक रूप से बहुत परेशान हो चुके हैं और उन्हें मौत के अलावा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा।थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र का कहना है कि मौके से सुसाइड नोट तथा वीडियो बरामद हुई है।आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।इस मामले ने मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मचा दिया है।कर्मचारियों के बीच भी घटना को लेकर चर्चा का माहौल है।पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है,दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ का ऐलान नहीं खेलेंगे होली

**मुजफ्फरनगर।** टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर प्रदेश भर के शिक्षक इस समय भीषण मानसिक दबाव और असुरक्षा के दौर से गुजर रहे हैं। विरोध में प्रदेश भर के शिक्षकों ने इस बार होली का त्योहार नहीं मनाने का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने एक बेहद भावुक और कड़ा अपील पत्र जारी करते हुए घोषणा की है कि शिक्षक इस बार होली नहीं खेलेंगे। रविन्द्र सिंह ने पत्र में लिखा कि जिससे उनके त्योहारों की खुशी छिन गई है।इसलिए वह रंगों के उत्सव में शामिल नहीं हो सकता। उन्होंने मुज" फरनगर सहित प्रदेश के सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी एकजुटता दिखाने के लिए इस बार होली के हुड़दंग और जश्न से दूर रहें।

# छात्र-छात्राओं ने होली महोत्सव में एक दूजे को लगाया गुलाल



**भोपा।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकडा में होली महोत्सव धूमधाम से सीनियर और जूनियर, दोनों विंग के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर भाईचारे और सौहार्द से त्यौहार का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की विशेष प्रार्थना सभा से हुआ, जहां शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व से परिचित कराया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। जूनियर विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने होली के प्रसिद्ध गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया, वहीं सीनियर विंग के छात्रों ने नाटक के माध्यम से आपसी प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी ने कहा कि होली केवल रंगों का खेल नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर के भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संचार करने वाला त्यौहार है।

# छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना विकास खंड क्षेत्र के गांव बवाना में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में वार्षिक उत्सव और शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी बुढ़ाना और जिला पंचायत सदस्य गज्जू पठान रहे। जिन्होंने अपने कर कमलों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम और नाटक आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। यहां खंड शिक्षा अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बवाना के समस्त स्टाफ तथा बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा विभाग द्वारा संचालित योजना का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

# चरथावल में मिठाई की दुकान पर हंगामा

■ **पुलिसकर्मी को भी दुकानदार ने लगा दिया चूना**

**चरथावल।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित एक चर्चित मिठाई की दुकान पर शनिवार को घटतौली को लेकर जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि दुकानदार मिठाई के साथ डिब्बे का वजन भी जोड़कर तौल रहा था, जिससे ग्राहकों को निर्धारित वजन से कम मिठाई दी जा रही थी।

बताया गया है कि एक पुलिसकर्मी ने किसी कार्यक्रम के लिए दुकान से करीब 40 डिब्बे मिठाई खरीदी। संदेह होने पर जब वजन की दोबारा जांच कराई गई तो प्रति डिब्बा करीब 150 ग्राम तक कम वजन पाया गया। इस पर पुलिसकर्मी ने मौके पर ही वीडियो बना लिया। वीडियो बनते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राहकों ने आरोप लगाया कि मिठाई तौलते समय डिब्बे का वजन अलग से घटाया नहीं जाता था। यानी जितना वजन तराजू पर दिखता, उसी में डिब्बे का वजन भी शामिल रहता। इससे हर डिब्बे में ग्राहकों को 100 से 150 ग्राम तक कम मिठाई मिल रही थी। कई लोगों ने दावा किया कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन कार्रवाई न होने से दुकानदार बेखौफ हैं।

हंगामे की सूचना पर अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में पुलिस और व्यापारी के बीच समझौता होने की बात सामने आई, जिसके बाद मामला शांत हो गया। हालांकि समझौते की शर्तों को लेकर आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है।

स्थानीय नागरिकों और अन्य व्यापारगण से जुड़े लोगों का कहना है कि क्षेत्र में घटतौली और मिलावट की शिकायतें पहले भी उठती रही हैं, लेकिन खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा नापतौल (विधिक माप विाान) विभाग की ओर से नियमित जांच अभियान नहीं चलाए जाते। निरीक्षण की कमी और ढिलाई के कारण उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम ठगी की जा रही है।

लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग संयुक्त अभियान चलाकर बाजार की दुकानों की जांच करे, इलेक्ट्रॉनिक कांटों की वैधता और स्टैम्पिंग की जांच हो तथा दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन और जुर्माने जैसी कड़ी कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो ऐसे मामलों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## घटतौली पर सख्त कानून, फिर भी बाजार में खेल जारी

**चरथावल।** कस्बे में मिठाई की दुकान पर घटतौली के आरोप के बाद उपभोक्ताओं के अधिकार और विभागीय जिम्मेदारी पर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमों के मुताबिक किसी भी खाद्य सामग्री को बेचते समय वास्तविक वजन देना अनिवार्य है और डिब्बे या पैकेज का वजन अलग से घटाया जाना चाहिए।

विधिक माप विाान (नापतौल) नियमों के तहत दुकानदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटे और बाटों की समय-समय पर जांच और स्टैम्पिंग जरूरी है। यदि डिब्बे का वजन मिठाई में जोड़कर तौला जाता है तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाता है। दोषी पाए जाने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

इसके अलावा खाद्य पदार्थों की बिक्री पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भी निगरानी रहती है। नियमित निरीक्षण और छापेमारी अभियान न होने पर ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर बाजार की जांच होती रहे तो घटतौली जैसे मामलों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# नकली खाद-कीटनाशक के आरोप में किसानों का हंगामा, जांच के बाद सामग्री सील

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव मंडावली बांगर में किसानों ने शुक्रवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले आयोजित धरने में किसानों ने त्रिवेणी शुगर मिल पर नकली खाद और कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध कराने का आरोप लगाया।



किसानों का कहना था कि मिल से ली गई खाद व दवाओं के प्रयोग के बाद उनकी फसलों पर विपरीत असर पड़ा, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटिया गुणवत्ता की सामग्री किसानों को थमाई जा रही है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।धरने का नेतृत्व बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष अक्षय त्यागी और प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी भी पहुंचे और किसानों की शिकायतें सुनीं। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कृषि विभाग के अधिकारी राहुल तेवतिया टीम के साथ पहुंचे और किसानों से बातचीत की।प्राथमिक जांच के दौरान कुछ खामियां सामने आने पर संबंधित खाद व दवाइयों के स्टॉक को सील कर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। हालांकि कृषि अधिकारी के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बल एहतियातन तैनात रहा।

## थाना दिवस में कोतवाल ने सुनी जन समस्याएं

**बुढ़ाना।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली परिसर में थाना दिवस आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने की। यहां बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए कई फरियादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को प्रभारी के समक्ष विस्तार से रखा। जनसुनवाई में आपसी विवाद, शांति भंग की आशंका और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें आई। तब प्रभारी ने हर एक फरियादी की बात को अत्यंत धैर्य व गंभीरता से सुना और अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। प्रभारी ने बताया कि कोतवाली में आने वाले सभी पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना और बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुखढ़ बनाए रखना बुढ़ाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी पीड़ित को अपनी जायज समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का समय सीमा के भीतर उचित निपटारा किया जाए। इस दौरान थाना परिसर में कई चौकी प्रभारी मोजूद रहे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के विभिन्न महाविद्यालयों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में श्रीराम श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के बेसिक साइंस तथा बायोसाइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सी. वी. रमन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा और शैक्षणिक वातावरण के साथ मनाया गया। वही श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विज्ञान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक ख्रष्टिकोण, अनुसंधान प्रवृत्ति तथा नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। पूरे परिसर में विज्ञान के प्रति उत्साह एवं जिज्ञासा का विशेष वातावरण देखने को मिला।

श्रीराम कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक कुमार व प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात कहा कि विज्ञान केवल पाठड्क्रम तक सीमित विषय नहीं है, दो दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान के विविध आयामों से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का परीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक जैसे विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दीं।

# फलौदा में दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुरकाजी।** इंस्पायर पब्लिक स्कूल फलौदा मे दौड़ प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडित भानू शर्मा जी जिला अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभाऔर सतेंद्र त्यागी जी रहे। सभी मुख्य अतिथियों का प्रधानाचार्य नीरज तीजवाल जी व अंकित पाल द्वारा बैंच लगाकर सम्मानित किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले सभी छात्र और छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा मैडल व प्रमाण पत्र देकर मनोबल बढ़ाया गया।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों व अन्य विद्यालय स्टाफ का मुख्यअतिथि भानू शर्मा जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी शिक्षकों का प्रधानाचार्य जी द्वारा सील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## बाईक सवार पर लगा किशोर के अपहरण का आरोप

**भोपा।** गांव सिकंदरपुर मे आठ वर्षीय किशोर का आरोप पिता ने बाईक सवार व्यक्ति पर लगाते हुए पुत्र की बरामदगी की मांग पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुभम कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया की शुक्रवार की शाम उसका आठ वर्षीय पुत्र वीर घर के बाहर खेल रहा था।तभी बाइक पर युवक अंकुश वहां आया और वंश को बहका फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया।काफी समय बाद वीर के दिखाई न पड़ने पर परिजन घबरा गये और आस पास तलाश करने के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरो की रिकॉर्डिंग को देखा जहां आरोपी वंश का अपहरण करता दिखाई दिया अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

# दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में धूमधाम से मनाई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल के परिसर में होली का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, वहीं शिक्षकों ने भी होली के गीतों पर थिरककर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। पूरा परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता और प्रधानाचार्य आमिर खान ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत और प्रेम व सद्भाव का संदेश दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'कान्हा संग होली' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल और तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखते हुए सूखी और हर्बल होली मनाने का संदेश दिया। डॉ. सिम्मी सहोता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा रासायनिक रंगों के स्थान पर हर्बल रंगों का उपयोग करना चाहिए, ताकि त्वचा और प्रख्रति दोनों सुरक्षित रहें। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## तीन युवकों ने पड़ोसी को पीटकर किया घायल

**बुढ़ाना।** तीन युवकों पर अपने पड़ोसी को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र गजेन्द्र निवासी ग्राम रायपुर अटेरना बीती 26 फरवरी की सुबह घर से खेत पर जा रहा था तो रास्ते मे खडे उसके ही गांव के ब्रिक पाल पुत्र रणजीत, अनुज पुत्र अर्जुन सिंह और अभिषेक पुत्र ब्रिकपाल ने राहुल को रोककर गाली गलोच करनी शुरू कर दी। राहुल के मना करने के बाद भी वे राहुल के साथ मारपीट करने लगे। जिसमे राहुल को काफी चोटें आई। सभी आरोपी राहुल को जमीन पर गिराकर हत्या की धमकी देकर फरार हो गये। राहुल ने फुगाना पुलिस को तहरीर देते हुए सभी फरार आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

# नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

**मीरापुर।** नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मीरापुर मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कक्षा 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और हास्य नाटिका प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कक्षा 8 की छात्रा वंशिका रस्तौगी और छात्र नीशू को बेस्ट स्टूडेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सचिन ठाकुर ने दोनों मेधावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय का सही प्रबंधन और निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़े शिक्षण संस्थानों में जाने के बाद भी संस्कारवान और सकारात्मक सोच वाले साथियों का चयन करें। इसके अतिरिक्त विद्यालय में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने पर छात्रा खुशी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से सचिन ठाकुर और रूप सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रतीक देव वत्स, प्रधानाचार्या साक्षी शर्मा तथा समस्त शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।




**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री HUMAIRA ANSARI के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 12835/17-11-21 (जारी करने के दिनांक 28/10/2022) उक्त में त्रुटि वश मेरी पुत्री का नाम HUMAIRA हो गया है जब की सही नाम HUMAIRA ANSARI है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**अदनान अनवर** पुत्र **शकील अनवर**, निवासी मकान नम्बर -1026, गली नं.-1, रहमतनगर, गहरा बाग, मुजफ्फरनगर।
मो. 9760674243.

# ईदगाह जाने वाले मुस्लिमों पर भी पुष्प वर्षा करें योगी : कश्यप

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के संग गठबंधन करने वाले मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रमपाल कश्यप और राष्ट्र उदय पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर संजीव कुमार ने शनिवार के दिन एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जिस तरह से हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा करते हैं ठीक इसी तरह वह ईदुल फितर के दिन ईदगाह में विशेष नमाज पढ़ने जाने वाले नमाजियों पर भी हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा करें।



इससे पूरे देश में एक अच्छा संद. ेश जाएगा और हिंदू मुस्लिम एकता प्रगाढ होगी। दोनों पार्टियों के नेताओं ने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर और भसाना में भी इसी तरह का संदेश लोगों को दिया और कहा कि हम सभी हिंदू मुस्लिमों को एक साथ चलकर जो नफरतों के बीच जगह जगह पर बोए जा रहे हैं उसको रोकना होगा। यहां आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट राव सलीम और जिलाध्यक्ष हाफिज करीमुद्दीन ने दोनों सहयोगी पार्टी के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि सुक्रमपाल कश्यप व डाक्टर संजीव कुमार की सोच सच में बहुत अच्छी है। इस अभियान को वे भी अपनी पार्टी के एजेंडे में शामिल करते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट भी यही चाहते हैं कि पूरे देश में सुक्रमपाल व संजीव जैसी सोच वाले आदमी कदम कदम पर हों ताकि हिंदू मुस्लिम एकता बरकरार रहे।

## घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला

**मोरना।** गांव भेडाहेड़ी में आरो. पियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर एक महिला को घायल कर दिया. पीड़ित पक्ष ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।भोपा थाना क्षेत्र के गांव भेडाहेड़ी निवासी सौरभ ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह ड्राइवर है और रोजाना सुबह काम पर बाहर चला जाता है। घर पर उसकी पत्नी दीपा, तीन बच्चे और माता सरोज रहते हैं। आरोप है कि बीते 19 फरवरी की दोपहर जब घर पर केवल उसकी पत्नी मौजूद थी, तभी गांव का विपिन घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए उसे परेशान करने लगा। शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।पीड़ित के अनुसार, उसी दिन शाम विपिन, आकांक्षा और घसीटू उर्फ घनश्याम घर में घुस आए और उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि घसीटू उर्फ घनश्याम और विपिन ने ईंटों से महिला के नाक और मुंह पर वार किए, जिससे उसकी नाक की हढी और जबड़ा टूट गया।

# कश्यप समाज की मीटिंग में समारोह को लेकर चर्चा

**बुढ़ाना।** बीती शुक्रवार की देर रात्रि कस्बा बुढ़ाना के चांदनी वाला मंदिर के परिसर में कश्यप समाज के जिम्मेदार लोगों की एक आवश्यक मीटिंग कश्यप समाज की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।



जिसमें आगामी 05 अप्रैल को बुढ़ाना कस्बे में होने वाले महर्षि कश्यप जयंती के भव्य समारोह को लेकर जोरदार चर्चा की गयी। इस मीटिंग मे जयंती की तैयारियों को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 5 अप्रैल की सुबह 08 बजे से चांदनी वाला मंदिर में हवन पूजन होगा जो कि प्रसाद वितरण के साथ ही समाप्त कर दिया जाएगा। इसके बाद अगले दिन 06 अप्रैल की दोपहर 02 बजे से चांदनी वाला मंदिर के प्रांगण से शोभायात्रा आरंभ होगी। जो कि पीठ बाजार बुढ़ाना से होते हुए भारत सिनेमा चौक, पारसी बस स्टैंड से हरनंदेश्वर धाम मंदिर से होते हुए कस्बा पुलिस चौकी महावीर तिराहे से चौधरी चरण सिंह तिराहे से होती हुई डीएवी रोड से होली चौक के रास्ते अपने उद्गम स्थल चांदनी वाला मंदिर के प्रांगण में रात्रि 10 बजे समाप्त होगी। यहां अनिल कश्यप, सीताराम कश्यप, सचिन कश्यप, मुकेश कश्यप उर्फ नानू, सोनू कश्यप, पिंकू कश्यप, कालू कश्यप, उमेश कश्यप और अशोक कश्यप आदि लोग भी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एलईडी पर मुख्यमंत्री ने लाइव किया संबोधित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास की गति अपार-डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण अभियान उज्ज्वला से बना उर्जावान होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रुपये 1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण में प्रदेश स्तर पर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। जनपद स्तर पर एम.एस.फार्म बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, शामली विधायक शामली प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव सहित विभागीय स्टाफ, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ हर पात्र लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार महिला सुरक्षा और महिला स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जिसको कभी सिलेंडर नहीं मिला उसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिलेंडर देना का काम किया है। अपने संबोधन में प्रदेश की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से देश और प्रदेश आगे बढ़ रहा है। आयोजित कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत जनपद में 117570 उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी धनराशि अंतरित की गई है। कार्यक्रम के उपरांत एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, विधायक शामली प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, ब्लाक प्रमुख शामली जयदेव मलिक द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उज्जवला योजना के जिला नोडल अधिकारी नवीन यादव, पूर्ति निरीक्षक, कैराना, शामली, ऊन और समस्त आपूर्ति कर्मचारी शामली के साथ भारी संख्या में उज्ज्वला योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी किशोरी के साथ पड़ोसी व्यक्ति द्वारा किए गए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री पशुओं की देखरेख करने के लिए अपने घेर में गई हुई थी। वापस आते समय पड़ोसी व्यक्ति विपिन ने किशोरी को बहाने से अपने घर में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। किशोरी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई थी परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी विपिन को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष जेल भेज दिया है और किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

## पॉपलर के पेड़ तोड़ने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित एक किसान की जमीन में लगाए गए पॉपलर के पेड़ों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी किसान गुलाब सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि करीब दस दिन पूर्व उन्होंने अपने खेत में पॉपलर के पेड लगाए थे। आरोप है कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति खेत में घुस आए और लगाए गए पेडों को तोड़कर नष्ट कर दिया। जिस कारण किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। किसान गुलाब सिंह ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले एक महीने में वह तीसरी बार अपने खेत में पॉपलर के पेड लगा चुके हैं, लेकिन हर बार अज्ञात लोग पेड़ों को तोड़कर नुकसान पहुंचा देते हैं। लगातार हो रही इस घटना से किसान मानसिक रूप से भी परेशान है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## अनिल कुमार शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वर्ष 1986 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए अनिल कुमार शर्मा ने मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी। 39 वर्ष 7 माह की लंबी सेवा पूरी करने के बाद वह 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां सहकर्मियों ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उनकी पत्नी निशा शर्मा, पुत्र गौरव शर्मा, पुत्रवधू लक्ष्मी शर्मा तथा पुत्रियां प्रियंका और कामिनी मौजूद रहीं। थाना पुलिस की ओर से उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## विज्ञान प्रदर्शनी में पीटीएम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के सेंट्र द्रोण पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों और प्रयोगों ने अभिभावकों एवं अतिथियों को काफी प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्रियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी जिज्ञासा को जागृत करना और उन्हें प्रयोगात्मक माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग में वही छात्र आगे बढ़ते हैं, जो पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में लागू करने की क्षमता रखते हैं। स्कूल के अकाउंटिंग ऑफिसर अभय हुड्डा ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों को ऐसा मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वे अपनी नई सोच और प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा की प्रक्रिया में शिक्षक और अभिभावक दोनों की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान नेहा, एकता, शिवानी, इति, अंशु, साक्षी, पिंकी, शुभम, हुसैन, जितेंद्र, वरुण, भूरा, अमन, सौरव, आरिज सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में आई बंजर भूमि पर कब्जे की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने की। समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान कस्बा निवासी तनवीर ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सलेमपुर मार्ग स्थित बंजर की भूमि पर कुछ लोगों ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा कर लिया है और अपने नाम बेनामा करा लिया है।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। गांव नाला निवासी रीना ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली महिला कविता आए दिन दुकान के मामले को लेकर विवाद और झगड़ा करती रहती है, जिससे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सल्फा निवासी रूपचंद ने शिकायत दी कि उनके पड़ोसी रामकुमार ने सरकारी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा एलम निवासी कुबेरदत्त ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी ने सरकारी चकरोड को काटकर अपने खेत में मिला लिया है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सभी शिकायतों पर राजस्व टीम एवं पुलिस टीम गठित कर निर्देश दिए कि मौके पर जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

# स्कूटी से गिरकर युवक की मौत, महिला घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा स्कूटी के अचानक ब्रेक जाम होने के कारण हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

दिल्ली के खजूरी खास निवासी प्रमिला पत्नी कपिल अपने 19 वर्षीय पुत्र किशन के साथ स्कूटी पर सवार होकर शामली जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव सिम्भालखा में अपने मायके आई हुई थीं। शनिवार को मां-बेटा स्कूटी से वापस दिल्ली लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे, अचानक स्कूटी के ब्रेक जाम हो गए। स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस कर्मचारियों की मदद से दोनों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने 19 वर्षीय किशन को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रमिला की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक किशन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल महिला के भाई मनोज ने बताया कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब थी, जिसके चलते प्रमिला हाल-चाल जानने के लिए मायके आई थीं और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# होलिका दहन स्थल पर गंदगी फैलने से बना रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के निर्धारित होलिका दहन स्थल पर नाले की गंदगी का ढेर लगाए जाने से व्यापारियों व आम लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यह स्थल प्रतिवर्ष होली के पावन अवसर पर होलिका पूजन और दहन के लिए उपयोग में लाया जाता है, जहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर पूजा-अर्चना करते हैं।

बसंत पंचमी के बाद से ही यहां होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो जाती हैं, लेकिन इस बार स्थल के समीप निर्माण किए गए नाले की सफाई से निकाली गई गंदगी डाल दी गई है। इससे आसपास दुर्गंध फैल रही है और श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पवित्र स्थल की स्वच्छता को लेकर नगर पंचायत गंभीर नहीं दिख रहा। व्यापारी अमित कुमार, नवीन गर्ग, अतुल शर्मा, सुशील पांचाल, कवर पाल, हितकर मित्तल, सोहनलाल व राहुल सहित अन्य लोगों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि आस्था से जुड़े स्थान पर इस प्रकार गंदगी डालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक ओर लोग श्रद्धा भाव से त्योहार की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर गंदगी का ढेर धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सफाई कर गंदगी नहीं हटाई गई तो वे संबंधित अधिकारियों से मिलकर विरोध दर्ज कराएंगे। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल सफाई कर्मचारियों को भेजकर स्थल को स्वच्छ कराने की मांग की है, ताकि होलिका दहन का कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक संपन्न हो सके।

## एक नजर

### 9 मार्च को होगी महिला समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में मनीषा अहलावत सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा शामली में महिला उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी।

सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग, मानव अधिकार भवन (तृतीय तल), गोमतीनगर, लखनऊ के पत्र के क्रम में जनपद शामली में मनीषा अहलावत सदस्य, उ०प्र० राज्य महिला आयोग का जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/ महिला जनसुनवाई/ निरीक्षण का कार्यक्रम के सफल आयोजन 09 मार्च को होना निश्चित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से हामिद हुसैन, डिप्टी कलेक्टर, जनपद शामली को नामित करते हुए निर्देशित किया गया है।

### तमंचा व गंडासा लेकर महिला से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव में पड़ोसी युवक पर महिला के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। मारपीट में महिला का एक दांत टूट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने चौसाना चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चौसाना क्षेत्र के गांव श्यामली श्यामला निवासी निर्मल (50) पत्नी फूलकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले मोहित पुत्र अजब सिंह तथा उसकी मां सुंदर ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपित युवक के हाथ में तमंचा और गंडासा भी था। वह बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहा था। महिला ने बताया कि हमले के दौरान उसके मुंह पर वार किया गया, जिससे उसका एक दांत टूट गया। इसके अलावा हाथ, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। पीड़िता ने चौसाना चौकी पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार का कहना है कि महिला से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर मे आरोप लगाया है कि पिछले छह महीने किशोरी के साथ तमंचे का डर दिखाकर डराया जा रहा था । धमकी से आहत पीडिता ने पूरा वाक्या अपनी मॉ को बताया तो घटना का पता लगा। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के एक गांव मे 15 वर्षीय किशोरी के साथ उससे दोगुनी उम्र के व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम किया। आरोप है कि पीडिता के गंदे फोटो लेकर उसको डराया धमकाया जाता रहा और घेर मे बुलाकर आये दिन दुष्कर्म किया गया। तंग आई किशोरी ने अपनी मॉ को घटना की जानकारी दी । जिस पर घटना का खुलासा हुआ। पीडिता अपने पिता व मॉ के साथ पुलिस चौकी पहुॅची और पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पीडिता के पिता का आरोप है कि आरोपी अभी भी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को पकडा जायेगा।

### दो पक्षों के मारपीट में एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में दो पक्षों के बीच छींटाकशी के बाद जमकर मारपीट व हंगामा हुआ। रात्रि मे मामला शांत होने के बाद सुबह के समय में फिर से दोनो पक्ष आमने सामने आ गये और मारपीट करने के आरोप लगे है। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत की है। वहीं पुलिस ने एक व्यक्ति को मेडिकल के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौसाना के ठाकुर मौहल्ले में बीएसएनएल कार्यालय के पास दोनों पक्षों में रात्रि के समय मे शराब के नशे मे छींटाकशी के बाद विवाद हो गया। गाली गलौच व मारपीट के बाद मौहल्ले के लोगो ने दोनों पक्षों को शांत कर दिया। शनिवार की सुबह फिर से दोनों पक्ष आमने सामने आ गये और मारपीट करने लगे। जिससे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। मनोज राणा पक्ष का आरोप है कि दीपक, कमल व प्रिंस ने अमित को मौका पाकर पकडकर पीटा वहीं मनोज गोस्वामी पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कमल को घर में खींचकर व बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत की है। पुलिस ने मामले में मनोज राणा की शिकायत पर अमित राणा का मेडिकल कराया है। चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि अमित का मेडिकल कराया है। कानूनी कार्यवाही प्रचलित है।

# अपर मंडलायुक्त ने किया जलालाबाद नगर पंचायत का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** नगर पंचायत कार्यालय में अपर मंडलायुक्त रमेश यादव सुबह औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने कार्यालय को अंदर से बंद कर लगभग आधे घंटे से अधिक समय तक अभिलेखों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के 10 सभासदख्राकेश शर्मा, राशिद चौधरी, धर्मवीर सैनी, जावेद चौधरी, विजय कुमार, गुलाम मोहम्मद, इकबाल चौधरी, इसाक सैफी, आसमा और शमीमाख्रने अपर मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र सौंपकर विभिन्न अनियमितताओं की जांच और कार्रवाई की मांग की।सभासदों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं, सीजीयू नंबर पर फोन रिसीव नहीं करते और कार्यालय में दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक के भाई जलालाबाद ग्राम सभा में प्रधान हैं और निकाय का धन जलालाबाद देहात क्षेत्र में सड़क, वाटर कूलर और लाइट आदि कार्यों पर खर्च किया जा रहा है।शिकायत में यह भी कहा गया कि निर्माण कार्यों पर एस्टीमेट चस्पा नहीं किए जा रहे हैं, लिपिक पद पर नियमित नियुक्ति नहीं है तथा पुरानी इंटरलॉकिंग टाइल्स निकाय परिसर में न होकर अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने निकट संबंधियों को दे दी गई हैं। ठेका प्रथा पर नियुक्त कर्मचारियों से निजी कार्य कराए जाने का भी आरोप लगाया गया।अपर मंडलायुक्त रमेश यादव ने सभासदों को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग की धनराशि, कार्यों की गुणवत्ता, गुणवत्ता प्रमाण पत्र तथा गृहकर के आधार पर निकाय के विकास कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं।सभासद राशिद चौधरी और धर्मवीर सैनी ने मांग की कि प्रकरण में वित्तीय व प्रशासनिक जांच, ऑडिट तथा स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए। वहीं सभासद राकेश शर्मा ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में वाटर कूलर स्थापित नहीं होने दिया गया। इस पर अपर मंडलायुक्त ने जनहित में प्रत्येक वार्ड में सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही।अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं की और व्हाट्सएप संदेश का भी कोई जवाब नहीं दिया। लिपिक मुकेश सैनी ने बताया कि वाटर कूलर जलालाबाद देहात में नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास के निकट जनहित में रखा गया है। सभासदों का आरोप है कि कई सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है तथा पुरानी इंटरलॉकिंग टाइल्स जलालाबाद देहात में अध्यक्ष के आवास के सामने पड़ी हुई हैं।फिलहाल, मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## भगवान खाटू श्याम किर्तन व सत्संग का आयोजन किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** महिला मित्र मण्डल के तत्वाधान में शनिवार को भगवान खाटू श्याम किर्तन व सत्संग का आयोजन किया गया सत्संग महिलाओ ने भगवान खाटू श्याम के भजनो से माहौल भक्तिमय बनाऐ रखा सत्संग मे पंडित हरिओम शर्मा ने भगवान खाटू श्याम की अपार महिमा का सुंदर वर्णन करते हुये कहा पुरुषार्थ से ही भाग्य को सौभाग्य में बदला जा सकता है। किस्मत से मिलता अवश्य है, लेकिन केवल उतना, मेहनत करने वाले जितना छोड़ देते हैं। मेहनत की अपेक्षा केवल किस्मत में ज्यादा विश्वास रखने से जीवन में कुछ श्रेष्ठ की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। किसी की शानदार कोठी देखकर लोग ये तो कह उठते हैं कि काश अपनी किस्मत भी ऐसी होती लेकिन वे यह भूल जाते हैं, कि ये शानदार कोठी, शानदार गाड़ी किसी को भी केवल किस्मत ने ही नहीं दी अपितु इसके पीछे उसकी कड़ी मेहनत भी रही है। इस अवसर पर नवीन गर्ग सपत्नि यजमान रहे सतवंत कौर जयवती सैनी आशा रानी किरण गर्ग कुसुम गर्ग कमलेश रानी शोभा रानी सुनिता रानी आदि मौजूद रही

## डिवाइडर निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगा सभासदों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के पानिपत मार्ग पर चल रहे नाला एवं डिवाइडर निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर पालिका परिषद कैराना द्वारा कराए जा रहे कार्यों के विरोध में दर्जनों सभासद एकजुट होकर शनिवार को निर्माण स्थल पर पहुंच गए और जमकर नाराजगी जताई। इस बीच एक सभासद द्वारा निर्माण कार्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे मामला और तूल पकड़ता नजर आ रहा है। सभासदों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। पानिपत मार्ग को नगर का प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन रहता है। यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हुआ तो भविष्य में सड़क धंसने, डिवाइडर टूटने या जलभराव जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मौके पर पहुंचे सभासदों ने नाले और डिवाइडर के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सामग्री की जांच की मांग की। सभासद तौसीफ चौधरी ने आरोप लगाया कि पालिका अध्यक्ष के संरक्षण में ठेकेदार द्वारा बेहद निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "नगर की जनता के टैक्स के पैसे से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन गुणवत्ता का अभाव साफ दिखाई दे रहा है। यह जनता के साथ सीधा अन्याय है।" सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि पालिका कार्यों के लिए खरीदी गई सामग्री में भी हेरफेर किया गया है। उनका कहना है कि रिकॉर्ड में दर्शाई गई सामग्री और मौके पर प्रयुक्त सामग्री में अंतर दिखाई दे रहा है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## थाना समाधान दिवस में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शनिवार को कैराना कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार अर्जुन चौहान ने की, जबकि क्षेत्राधिकारी (सीओ) हेमंत कुमार भी मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में जमीन संबंधी विवाद समेत विभिन्न मामलों से जुड़े कुल पांच शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। अधिकारियों ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अभिलेखों की जांच की। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष तीन प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, एसएसआई अरुण कुमार उपस्थित रहे। थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## छेड़खानी का विरोध करने पर पति पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम गोसगढ़ निवासी एक महिला ने उधार दिए पैसे मांगने पर महिला के साथ घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना भवन क्षेत्र के ग्राम गोसगढ़ निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 24 फरवरी को शाम लगभग 3 बजे उसके पति द्वारा गांव के ही व्यक्ति से उधार दिए गए 500 रुपये वापस मांगे गए थे। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से इंकार कर दिया और कहासुनी के बाद वहां से चला गया। महिला का आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 6:30 बजे उक्त आरोपी उनके घर पहुंचा और पीड़िता के पति के विषय में पूछने लगा तब महिला के बताने पर कि वह घर पर नहीं है आरोपी महिला के घर में घुस आया शराब के नशे में महिला के साथ छेड़खानी का प्रयास किया शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से उसके पति के सिर पर वार कर दिया।

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र मुकीम व पुत्रवधु अंजुम पत्नी मुकीम को उनके कृत्यों से तंग व परेशान आकर उनको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं तथा अपने संबंध समाप्त करती हूं। भविष्य में अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**कनीजा पत्नि स्व0 हाकिम अली उर्फ कल्लू** निवासी मौ० गाँधीनगर एलम थाना कांधला जिला शामली।

# भारत-विंडीज के बीच सेमीफाइनल की जंग आज

## कोलकाता में जीतने वाली टीम टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी




**कोलकाता, वार्ता।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच ईडन गार्डन्स में होने वाला नॉकआउट मुकाबला काफी दबाव वाला होने वाला है, जिसमें जीतने वाली टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी। इस करो या मरो वाले मुक. ाबले में, दोनों टीमों को पता होगा कि सिर्फ स्किल से नतीजा तय नहीं होगा, टेम्परामेंट, गेम अवेयरनेस और दबाव में एग्जीक्यूशन भी उतना ही जरूरी रोल निभाएंगे। जैसा कि वर्ल्ड कप नॉकआउट क्रिकेट में अक्सर होता है, मैच का फैसला शायद इस बात से होगा कि कौन सी टीम मुश्किल पलों को बेहतर तरीके से संभालती है, न कि कौन सी टीम ज्यादा एग्रे. सिव क्रिकेट खेलती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर अपनी शानदार जीत के बाद भारत इस मुकाबले में पूरे कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगा। इस परफॉर्मेंस ने मोमेंटम वापस लाने और कैंप में भरोसा मजबूत करने में मदद की है। भारतीय बैटिंग लाइनअप अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड दिखता है, जिसमें टॉप ऑर्डर में एग्रेसिव इरादे और बीच के ओवरों में अनुभवी स्टेबिलिटी है।

युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट की सबसे खास कहानियों में से एक रहे हैं। पिछले मैच में 30 गेंदों पर उनकी तेज रफ्तार 55 रन की पारी मॉडर्न टी-20 बैटिंग का एक बेहतरीन उदाहरण थी - जिसमें पावरप्ले ओवरों में टाइमिंग और स्मार्ट शॉट सिलेक्शन के साथ अग्रेसन का मिक्स था। मिडिल ऑर्डर की कमान शायद सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी, जिनकी स्ट्राइक रोटेट करने और जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत उन्हें हाई-प्रेशर सिचुएशन में एक जरूरी खिलाड़ी बनाती है। उनका साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे देंगे, जो दोनों डेथ ओवरों में बिना सोचे-समझे स्ट्रोक खेलने के बजाय सोच-समझकर हिटिंग करके मैच का रुख बदल सकते हैं। उनका रोल यह पक्का करना होगा कि भारत क्लस्टर में विकेट खोए बिना मोमेंटम बनाए रखे। बॉलिंग के नजरिए से, भारत के पास एक जबरदस्त अटैक है। जसप्रीत बुमराह एक बार फिर प्रेशर ओवरों में, खासकर पारी के आखिरी स्टेज में अपनी ट्रेडमार्क यॉर्कर और डिसिप्लिन्ड लाइन-एंड-लेंथ बॉलिंग के साथ अहम रोल निभाएंगे। अर्शदीप सिंह से नई गेंद से शुरुआती ब्रेकथ्रू दिलाने की उम्मीद है, जबकि वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी बीच के ओवरों में स्कोरिंग को कंट्रोल करने में अहम होगी, जब पिच धीमी हो जाती है। हालांकि, वेस्टइंडीज अपने पारंपरिक निडर और मनोरंजक क्रिकेट के साथ आती है। उनकी बैटिंग फिलॉसफी पहली गेंद से अटैक करने पर बनी है, एक ऐसा स्टाइल जो अगर ठीक से किया जाए तो किसी भी बॉलिंग अटैक को जल्दी से हरा सकता है। रोवमैन पॉवेल और शिमरॉन हेटमायर जैसे बैट्समैन मॉडर्न कैरेबियाई पावर-हिटिंग ट्रेडिशन को दिखाते हैं, जो आसानी से बाउंड्री पार कर सकते हैं। शाई होप एक अहम एंकर की भूमिका निभाएंगे, जो एग्रेसिव मिडिल ऑर्डर के चार्ज लेने से पहले टॉप पर स्टेबिलिटी देंगे। वेस्टइंडीज का लोअर ऑर्डर उन खिलाड़ियों के जरिए और फायरपावर जोड़ता है जो प्रेशर में भी बड़े छक्के मार सकते हैं। रोम. रियो शेफर्ड और जेसन होल्डर जैसे ऑलराउंडर टीम में गहराई जोड़ते हैं, जो मैच के अहम फेज में बैटिंग और बॉलिंग दोनों ऑप्शन देते हैं। बॉलिंग में, गुडाकेश मोती और अकील हुसैन स्पिन वेरिएशन का इस्तेमाल करके भारतीय बल्लेबाजों को रोकने में अहम होंगे, क्योंकि पिच अक्सर मैच के आगे बढ़ने के साथ धीमे गेंदबाजों की मदद करती है।

जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, ईडन गार्डन्स की पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है, जिससे इस नॉकआउट मुकाबले में पार्टनरशिप और स्मार्ट स्ट्राइक रोटेशन बहुत जरूरी हो जाएगा। कुल मिलाकर, यह मैच स्टाइल का एक दिलचस्प मुकाबला होने का वादा करता है - भारत का टैक्टिकल बैलेंस बनाम वेस्टइंडीज की जबरदस्त अप्रत्याशितता - जिसमें वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जगह दांव पर लगी है।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

## सोभना को जरवरी के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरुस्कार

**दुबई, वार्ता।** महिला टी-20 विश्व कप वैश्विक क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करने वाली बांग्लादेश की बल्लेबाज सोभना मोस्तारी को जनवरी 2026 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। बांग्लादेश की इस बल्लेबाज को आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और अमेरिकन लेफ्ट-आर्म पेसर तारा नोरिस के साथ नॉमिनी किया गया था। पिछले महीने वैश्विक क्वालिफायर में मोस्तारी ने पहले छह मैचों में 45-80 के एवरेज और 145-85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए थे। उन्होंने टीम को खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने जून और जुलाई में थाईलैंड पर 39 रन की जीत के साथ इस बड़े प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की।

## डेरिल मिशेल बने जनवरी के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की वनडे सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 176 की औसत से 352 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार जीता। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर, मिशेल ने बल्लेबाजी रैंकिग में भी नंबर वन

---

# 'परफेक्ट फिनिश' के लिए उतरेगा द. अफ्रीका

● **दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अजेय दावेदार दक्षिण अफ्रीका का मुकबला बाहर हो चुकी जिम्बाब्वे से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के सेकंड लास्ट सुपर 8 मैच में, अरुण जेटली स्टेडियम में, अजेय दावेदार दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला बाहर हो चुकी जिम्बाब्वे से होगा। दक्षिण अफ्रीका इस कॉम्पिटिशन में सबसे दमदार टीमों में से एक रही है, जिसने पहले ही अपने शानदार जीत के रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल क्वालिफकिशन पक्का कर लिया है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे अपने सुपर 8 मुक. ाबलों में भारी हार के बाद बाहर हो गई है, लेकिन वह एक मजबूत प्रदर्शन के साथ इज्जत वापस पाने के लिए बेताब होगी।

यह मैच टूर्नामेंट में लगातार मोमेंटम और ग्लोबल स्टेज पर इज्जत और अनुभव के लिए खेलने वाली टीम के बीच की लड़ाई को दिखाता है। दक्षिण अफ्रीका अपने हाल के मैचों में लगातार पांच जीत के शानदार सिल. सिले के साथ मैदान में उतरी है। उनके सबसे हालिया मैच में उन्होंने आसानी से जबरदस्त टोटल बनाए, जिसमें बेहतर बैटिंग डेप्थ और बॉलिंग डिसिप्लिन दिखाया गया। जिम्बाब्वे का हालिया रिकॉर्ड एक जैसा नहीं रहा है, जिसमें दो भारी सुपर 8 हार ने पहले ग्रुप-स्टेज की सफलता को फीका कर दिया है। उनकी बॉलिंग यूनिट को विरोधी बैट्समैन को रोकने में मुश्किल हुई है, खासकर पहले बॉलिंग करने के बाद टोटल डिफेंड करते समय। दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग एडेन मार्करम के जबरदस्त फॉर्म के आस-पास घूमती रही है, जिन्होंने छह मैचों में 178.37 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं। उन्होंने विकेटकीपर-बैट्समैन क्विटन डी कॉक के साथ लगातार मजबूत शुरुआत दी है, जिनकी एग्रेसिव पावरप्ले हिटिंग ने दक्षिण अफ्रीका को कई मैचों में शुरुआती मोमेंटम दिया है। बॉलिंग अटैक को मार्को यानसन लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 11 विकेट लिए हैं और किफायती बॉलिंग फिगर बनाए रखा है। जिम्बाब्वे ब्रायन बेनेट पर बहुत ज्यादा डिपेंड करेगा, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 59 गेंदों पर शानदार नाबाद 97 रन बनाए थे। कैप्टन सिकंदर रजा भी इंपॉर्टेंट होंगे, जो बीच के ओवरों में बैट और स्पिन बॉलिंग दोनों से कंट्रीब्यूट करेंगे। दिल्ली की पिच के पावरप्ले ओवरों के दौरान बैटिंग फ्रेंडली रहने की उम्मीद है, लेकिन स्पिनर्स के आने पर धीमी हो सकती है।



---

# मेरे पार जीत को बयां करने के लिए शब्द नहीं : पारस डोगरा



● **जम्मू-कश्मीर के पहली बार रणजी चैंपियन बनने से उसके कप्तान गदगद नजर आ रहे**

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के पहली बार रणजी चैम्पियन बनने से उसके कप्तान पारस डोगरा गदगद नजर आ रहे हैं और उनका कहना है कि उनके पास इस जीत को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं।

डोगरा ने शनिवार को कर्नाटक के खिलाफ घइनल ड्रा होने के बाद कहा कि 'सच कहूं तो मैं समझा नहीं सकता। मेरे पास अभी कोई शब्द नहीं हैं। इस समय, यह मेरी जदिगी की सबसे बड़ी चीज है और मैं इसके लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। सच कहूं तो, मैं जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ के साथ होने के लिए लकी रहा हूं और वहां के लोग जबरदस्त रहे हैं। वे बहुत अच्छे रहे हैं और यह 11, 14, 15 लोगों के बारे में नहीं है, अगर आप देखेंगे, तो वे जबरदस्त रहे हैं।

उन्होंने कहा, "वे अपना हाथ ऊपर उठा रहे हैं और वे सच में बहुत अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। वे मैच जीतने के लिए बहुत उत्सुक हैं और शुरू से ही, उन्हें 100: यकीन था कि हम यह जीतेंगे। मुझे फिलहाल सेलिब्रेट करने दो। आप देखेंगे कि आगे क्या होता है। पहली इनिंग में 291 रन की बड़ी लीड ने जम्मू-कश्मीर को ड्राइवर सीट पर पहुंचा दिया। कर्नाटक के पास गेम में वापस आने का एकमात्र मौका जम्मू-कश्मीर को उनकी दूसरी पारी में सस्ते में आउट करना और फिर चेज सेट करना था।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर को 11/2 पर थोड़ी मुश्किल में डाल दिया था, लेकिन कामरान इकबाल ने नई बॉल को देखा और डोगरा और समद के साथ लगातार फिफ्टी पार्टनरशिप करके गेम को कर्नाटक से और दूर ले गए।

---

# कतर ने भारतीय बास्केटबॉल टीम को हराया

● **लुसैल मल्टीपर्पस हॉल में खेले गए मुकाबले में ब्रैंडन गुडविन ने मेजबान टीम के लिए सबसे अधिकर 23 अंक बनाए**

**लुसैल (कतर), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम को कतर के खिलाफ अपने तीसरे फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर ग्रुप डी मुकाबले में 99-73 से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को लुसैल मल्टीपर्पस हॉल में खेले गए मुकाबले में ब्रैंडन गुडविन ने मेजबान टीम के लिए सबसे अधिक 23 अंक बनाए, जबकि कंवर संधू 15 अंक के साथ दुनिया के 75वें नंबर की भारतीय टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।

प्रिसपाल सिंह ने भारत के लिए फ्री थ्रो से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले ब्रैंडन गुडविन और टायलर हैरिस ने कतर को मैच पर नियंत्रण करने में मदद की, जिससे मेजबान टीम पहले क्वार्टर के आखिर में 28-17 से आगे हो गई। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत कंवर संधू के थ्री-पॉइंटर से की, जिसने पूरे समय के लिए माहौल बनाया।

उन्होंने दूसरे क्वार्टर में कतर को 26-17 से हराया, जिससे ब्रेक तक स्कोर 45-43 हो गया। इसके बाद विश्व नंबर 78 कतर ने तीसरे क्वार्टर में भारत को 30-9 से हराकर मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया, जो आखिर में अंतर साबित हुआ। गेम को तय करने वाले तीसरे क्वार्टर के बाद, भारत ने चौथे क्वार्टर में मोमेंटम वापस पाने की कोशिश की और 21 अंक बनाने में कामयाब रहा - जो कतर से अभी भी तीन कम हैं। फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर्स में ग्रुप डी भारत की यह तीसरी हार है। भारत अभी अपने ग्रुप में तीन अंक के साथ सबसे निचले पायदान हैं। भारतीय बास्केटबॉल टीम मंगलवार को जौक मिकेल में अपने ग्रुप की शीर्ष रैंक वाली टीम, वर्ल्ड नंबर 28 लेबनान से भिड़ेगी।

---

# मेदवेदेव फाइनल में ग्रीक्सपूर का सामना करेंगे



● **दानिल मेदवेदेव ने फेलिक्स ऑगर-अलियासिमें को 6-4, 6-2 से हराकर दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई**

**दुबई, वार्ता।** तीसरे सीड दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-4, 6-2 से हराकर दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव के नाम 22 टूर-लेवल टाइटल हैं और उन्होंने हर एक अलग इवेंट में जीता है। शनिवार को, उनके पास इसे बदलने का मौका होगा।

2023 के दुबई चैंपियन का सामना ट्रॉफी के लिए टैलोन ग्रीक्सपूर से होगा। मेदवेदेव इस हफ्ते की शुरुआत में शांग जुनचेंग, स्टेन वावरिका और जेनसन ब्रूक्सबी को सीधे सेटों में हराने के बाद ऑगर-अलियासिमे के साथ अपने करियर की 10वीं मीटिग में टॉप फॉर्म में पहुंचे।

उन्होंने ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ बेसलाइन एक्सचेंज को कंट्रोल किया, गहराई और सटीकता से स्ट्राइक करके कनाडाई खिलाड़ी को कमजोर किया और अपनी हेड2हेड सीरीज में बढ़त को 8-2 पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने कहा कि ये चार मैच बहुत शानदार रहे, शायद हर मैच में बेहतर से बेहतर खेलते हुए, आज का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा।अगर मैं कल और भी बेहतर प्रदर्शन कर पाया, तो मेरे जीतने के चांस होंगे और मैं यही करने की कोशिश करूंगा।

ऑगर- अलियासिमे लगातार दूसरे सीजन में दुबई में टाइटल मैच में पहुंचने का लक्ष्य बना रहे थे। इस महीने की शुरुआत में, कैनेडियन खिलाड़ी ने मोंटपेलियर में ट्रॉफी उठाई थी। अब उनका ध्यान बीएनपी परीबा ओपन पर है, जो इस सीजन का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट है। जनवरी में ब्रिस्बेन में अपना 20वां हार्ड-कोर्ट टूर-लेवल टाइटल जीतने के बाद मेदवेदेव इस सीजन के अपने दूसरे फाइनल में हैं। इस साल उनका रिकॉर्ड अब 13-3 है। शनिवार को उनका मुकाबला ग्रीक्सपूर से होगा जिन्होंने 2022 के चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव को 7-5, 7-6(6) से हराया, ग्रीक्सपूर ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 4/6 पर दो सेट पॉइंट बचाए और मैच में मिले सभी छह ब्रेक पॉइंट को टाला।

29 साल के खिलाड़ी का यह छठा टूर-लेवल फाइनल है और पिछले जून में मालोर्का में घास पर ट्रॉफी उठाने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी ने दुबई में अपने पूरे सफर में शानदार प्रदर्शन किया है, जहां उन्होंने अलेक्जेंडर बुब्लिक और जैकब मेन्सिक को भी हराया है। दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव के खिलाफ एक घंटे, 41 मिनट की जीत के साथ, ग्रीक्सपूर ने अब अपने करियर में पहली बार लगातार तीन टॉप 20 खिलाड़ियों को हराया है।

---

# कोई स्टार कल्चर नहीं, सिर्फ टीम का विश्वास : कोच अजय

● **जहां कई टीमें अकेले मैच जीतने वालों पर भरोसा करती हैं, वहीं जम्मू-कश्मीर ने अपना कैंपेन एकता, अनुशासन और रोल-बेस्ड परफॉर्मेंस पर बनाया**

**हुबली, वार्ता।** टीम में कोई स्टार कल्चर नहीं है। यही आसान सोच जम्मू और कश्मीर के रणजी ट्रॉफी फाइनल तक के ऐतिहासिक प्रदर्शन की नींव बनी, जिसने क्रिकेटरों के एक युवा ग्रुप को भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रेरणा देने वाली अंडरडॉग सफलता की कहानियों में से एक बना दिया। जहां कई टीमें अकेले मैच जीतने वालों पर भरोसा करती हैं, वहीं जम्मू और कश्मीर ने अपना कैंपेन एकता, अनुशासन और रोल-बेस्ड परफॉर्मेंस पर बनाया। हेड कोच अजय शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को रेप्युटेशन या फ्रेंचाइजी क्रिकेट की शोहरत के बजाय कंसिस्टेंसी, स्वभाव और मैच अवेयरनेस के आधार पर चुना और तैयार किया गया। इस तरीके का बहुत फायदा हुआ क्योंकि जम्मू और कश्मीर ने अपने कैंपेन के दौरान कई पूर्व रणजी ट्रॉफी चैंपियन को हराया, जिससे यह साबित हुआ कि घरेलू क्रिकेट में मिलकर की गई को. शिश अक्सर स्टार-ड्रिवन क्रिकेटिग स्ट्रक्चर से बेहतर परफॉर्म कर सकती है।

कोचिंग की सोच खिलाड़ियों में कैरेक्टर और मेंटल टफनेस बनाने पर जोर देती थी। क्रिकेटरों को बार-बार याद दिलाया जाता था कि घरेलू क्रिकेट ही टैलेंट के लिए असली टेस्टिग ग्राउंड है, और सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन ही पहचान दिलाएगा। युवा खिलाड़ियों को तुरंत शोहरत या अपने रिकॉर्ड के पीछे भागने के बजाय प्रोसेस पर ध्यान देने वाले क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए बढ़ावा दिया गया। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में एक रन से दिल तोड़ने वाली हार के बाद यह टीम-फर्स्ट कल्चर खास तौर पर साफ हो गया।

---

# महिलाओं की 62 किग्रा स्पर्धा में सविता ने जीता कांस्य पदक

**अल्बानिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान सविता ने मुहामेट मालो 2026 रेसलिंग टूर्नामेंट में महिलाओं की 62 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में अंडर 17 और अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी 20 वर्षीय भारतीय पहलवान सविता ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिग सीरीज स्पर्धा में अपना पहला पोडियम अमेरिका की 2025 जाग्रेब ओपन चैंपियन अडाउगो न्वाचुक्वू पर 7-5 से करीबी जीत के साथ पक्का किया। इससे पहले ड्रॉ में, सविता ने क्वालिफिकेशन राउंड में ब्राजील की ओलंपियन लाइस नून्स को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में 59 किग्रा की यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया सिडेलनिकोवा से 12-2 से हार गई। सिडेलनिकोवा के फाइनल में पहुंचने के साथ, सविता को कांस्य पदक जीतने का मौका मिला और उन्होंने सीनियर यूडब्ल्यूडब्ल्यू टूर्नामेंट में अपना पहला पक्का किया। भारत दिन में दो और पदक से चूक गया, जब अपेक्षा विट्ठल पाटिल (65 किग्रा) और कीर्ति (68 किग्रा) अपने-अपने कांस्य पदक मुकाबलों में हार गईं। वहीं ग्रीको-रोमन में, निशांत फोगट और अमन 77 किग्रा भार वर्ग में पदक राउंड से पहले ही बाहर हो गए। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की पदकों की संख्या चार हो गई। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक जीते है।

---




## एक टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने साहिबजादा फरहान

# श्रीलंका ने 101 रन पर 5वां विकेट गंवाया

● **मोहम्मद नवाज ने जनिथ लियानागे को बोल्ड किया, पाकिस्तान ने 213 रन लक्ष्य दिया**

कैंडी। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 213 रन का टारगेट दिया है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को 147 रन पर रोकना होगा। श्रीलंकाई टीम ने 11 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बना लिए हैं। पवन रत्नायके और जनिथ लियानागे क्रीज पर हैं। कामिंडु मेंडिस (3 रन), चरिथ असलंका 25, कामिल मिशारा 26 और पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए।

अबरार अहमद 3 विकेट ले चुके हैं। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान (100 रन) ने शतक लगाया। जबकि फखर जमान (84 रन) ने फिफ्टी बनाई। दोनों के बीच रिकॉर्ड 176 रन की साझेदारी हुई। श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 3 विकेट झटके। दो विकेट दसुन शनाका को मिले। दुष्मंथा चमीरा के हिस्से एक विकेट आया। फरहान ने इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया है। वे एक टी-20 वर्ल्ड कप में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले पहले बैटर बने हैं। उनसे पहले क्रिस गेल ने दो शतक लगाए थे, लेकिन उनके दोनों शतक अलग-अलग दो एडीशन में आए हैं। फरहान एक टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने विराट कोहली के 319 रन के रिकार्ड को तोड़ दिया है। फरहान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में इस पारी का 37वां रन बनाते ही यह अचीवमेंट हासिल की। 9वें ओवर की 5वीं बाल पर श्रीलंका ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर अबरार अहमद ने चरिथ असलंका को बोल्ड कर दिया। असलंका 25 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर में श्रीलंकाई टीम ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। अबरार अहमद ने ओवर की दूसरी बाल वाइड फेंक दी। इसी से टीम का 50वां रन बना। 212 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम ने खराब शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में 49 रन बनाने में टाप-2 विकेट गंवा दिए। कामिल मिशारा 26 और पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर की पहली बाल पर अबरार अहमद ने कामिल मिशारा (26 रन) को बोल्ड कर दिया। इस ओवर के बाद श्रीलंकाई टीम का स्कोर 37/2 रहा। तीसरे ओवर में शाहीन शाह अफरीरी ने 15 रन खर्च कर दिए। उनकी दूसरी बाल पर कामिल मिशारा ने छक्का लगाया। फिर तीसरी बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर चौका लगाया। श्रीलंकाई टीम ने दूसरे ओवर की तीसरी बाल पर पहला विकेट गंवाया। यहां पर पथुम निसंका 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नसीम शाह ने मोहम्मद नवाज के हाथों कैच कराया। दिलशान मधुशंका ने पारी का आखिरी ओवर डाला। उनके इस ओवर में तीन विकेट गिरे। पहली गेंद पर शतकवीर साहिबजादा फरहान 100 रन बनाकर आउट हुए। जनिथ लियानागे ने उनका कैच पकड़ा।

**रमजान मुबारक**



**बारहवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.22 |
| | शिया | 5.13 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.21 |
| | शिया | 6.34 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# स्वयंसेवक निस्वार्थ सेवा के प्रतीकः धर्मवीर

## होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के साथ खेली होली, विधायक व मेयर भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक निस्वार्थ सेवा और परमार्थ के सच्चे प्रतीक है।

धर्मवीर प्रजापति ने यह बात नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा आयोजित वार्डन और स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर कही। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों और सरकार की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि देश की आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण के लिए विशेष बजट आवंटित किया गया है। यह केंद्र और प्रदेश सरकार की इस विभाग के प्रति संवे. दनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ये लोग बिना किसी वेतन के, अपने घर से पैसा और समय खर्च कर कांवड़ यात्रा, मेलों, आपदाओं और त्योहारों में जनता की सेवा करते हैं। मंत्री ने रामायण की चौपाई ४परहित सरिस धर्म नहिं भाई४ माध्यम से स्वंसेवको को समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया और स्वयंसेवकों के जीवन का मूल मंत्र बताया।



महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को शहर के गुप्त रक्षक बताया। नगर विधायक राजीव गुंबर ने स्वयंसेवकों के कल्याण के लिए शासन स्तर पर हर संभव पैरवी करने की बात कही। अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर ने कहा वह उम्मीद करते हैं इन प्रशिक्षण के बाद वार्डन और अधिक मजबूत होंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन ने सभी का धन्यवाद अदा किया।

कार्यक्रम के अंत में नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डनो के साथ मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने फूलों की होली खेली।

कार्यक्रम में उपनियंत्रक कश्मीर सिंह, सहायक उपनियंत्रक दिनेश कुमार, चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन डिप्टी चीफ वार्डन डॉ.है हंसराज सैनी, प्रभाकर वार्डन देवेंद्र बंसल देशबंधु शर्मा वसीम अख्तर ऋषभ अग्रवाल ऊपर उप प्रभागीय वार्डन राकेश जैन एमपी चावला पार्षद मनोज प्रजापति स्टाफ ऑफिसर दीपक गुप्ता घटना नियंत्रण अधिकारी नरेश कुमार सैनी अर्चना रानी अविनाश जैन नाटी सरफराज खान पवन सिंघल शमशेर सिंह मयंक कुमार गौरव धीमन पोस्ट वार्डन वीर सैन जैन राजबीर वर्मा जगजीवन सिंह राठौड़ डाक्टर हरप्रीत सिंह अमित जैन अरुण सूरी दीपक भार्गव सहीराम नीना जैन अमित सिंघल आशीष गुप्ता अवनेंद्र शमीम अहमद विनय जैन राजा जैन मोहम्मद जावेद धीरज कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

# 662 बच्चे रहे गैरहाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत शनिवार को आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जनपद में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुईं। दोनों पालियों में कुल 11,956 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 11,294 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 662 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा में 806 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 785 उपस्थित तथा 21 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट कृषि अभियंत्रण कृषि भाग-1 एवं कृषि पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान विषय में 652 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 636 उपस्थित और 16 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में हाईस्कूल संगीत वादन विषय की परीक्षा में 103 परीक्षार्थियों में से 100 उपस्थित तथा 3 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट चित्रकला आलेखन, प्राविधिक एवं रंजनकला विषय की परीक्षा में 10,395 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 9,773 उपस्थित तथा 622 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षाएं जनपद के 48 परीक्षा केन्द्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं 87 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गईं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर तैनात रहे।

इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं छह विभागीय सचल दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी अंकुर वर्मा, डिप्टी कलेक्टर ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम एवं मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शुचितापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# फौजी देश की आन, बान व शानः चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन इसराना ने सैनिक भवन पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह का जोरदार स्वागत किया ।

कार्यक्रम के संयोजक कैप्टेन प्रताप सिंह,डॉ सतवीर सहरावत,सूबेदार अजीत कुंडू, सूबेदार राजवीर जागलान, सुब. ेदार स्वराज, महासचिव वारंट ऑफिसर सूरजभान, हवलदार रणधीर, श्रीपाल ढाका ने शॉल भेंट करते हुए कहा कि चौधरी नीरपाल सिंह पूरे देश में खिलाड़ियों को सम्मानित, प्रोत्साहित करने में जी जान से लगे हुए हैं, खेलों के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने में सहयोग के लिए हम सभी फौजी चौधरी नीरपाल सिंह को साधुवाद और अपना आशीर्वाद देते है।



राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि मैं सैनिक भवन में फौजी भाइयों के बीच आकर अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। सैनिक भवन में भी सैनिकों के खिलाड़ियों के लिए पूरा सहयोग करेंगे।

इस दौरान संयुक किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ राजव. ीर सिंह मुंडेट, जाट महासभा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी,रालोद पंजाब अध्यक्ष नक्षत्र सिंह सोहेल, किसान यूनियन हरियाणा के अध्यक्ष रणधीर सिंह पानु, राजदीप ढाका, कुकू चौधरी करोड़ी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# सैनिक स्कूल में चयन होने पर अभिनंदन

**गंगोह।** उड़ान इन्नोवेटिव अकादमी के 22 विद्यार्थियों का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल में चयनित होने पर अकादमी में सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

अकादमी संस्थापकों पुनीत कुमार और निकिता कुमारी ने बताया कि उक्त प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को कक्षा 6 व कक्षा 9 के लिए आयोजित हुई थी जिसका परिणाम 27 फरवरी 2026 को घोषित किया गया। कक्षा 6 के लिए नक्श अग्रवाल, कार्तिक रोहिला, एकांश शर्मा, विराज सिंह, अद्विक सैनी, इश सैनी, अधिराज सैनी, मोहम्मद, आयु सैनी, ऋषभ देशवाल और कक्षा 9 के लिए मानव. ीर चौधरी, आयुष सैनी, छवि, वैभव सैनी, जैद खटाना, अक्षिता सैनी, स्वतंत्र सहगल, जय प्रीत सिंह, युग चौधरी व विकास कुमार सफल रहें।

# डीआईजी अभिषेक का बाजारों में पैदल मार्च

## बाजार में जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी त्यौहारों एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डीआईजी अभिषेक सिंह ने नगर के मुख्य बाजारों एवं भीडभाड वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

डीआईजी अभिषेक सिंह ने पैदल मार्च के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास सुदृढ़ किया गया तथा व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। संवेदनशील एवं अतिसंवे. दनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सुदृढ़ रखने एवं अफवाहों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहकर संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखने, बाजार क्षेत्रों में प्रभावी गश्त तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



उन्होंने कहा कि शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा असामा. जिक गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाजार में जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान मास्टर इकबाल, मौलाना मोहम्मद उमर, समीर अहमद, दिलशाद उर्फ बुद्धन, तस्लीम अहमद, मास्टर महमूद आदि मौजूद रहे।

# सभी धर्मों का सम्मान कर मनाएं त्यौहारः रेनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन श्रीमती रेनू बालियान ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार मनाएं।मिलजुलकर त्यौहार मनाने से खुशियां बढ़ती हैं।

नगर पंचायत चेयरपर्सन रेनू बालियान ने आगामी त्यौहारों पर क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं देते हुए आवाहन करते हुए कहा कि त्यौहार भारत की महान संस्कृति और परम्परा का हिस्सा हैं।त्यौहार सभी को एक साथ आने के लिए प्रेरित करते हैं।जिससे देश और मजबूत होता है।रेनू बालियान ने कहा कि सभी को चाहिए कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए त्यौहार मनाएं और प्रेम और एकता संदेश दुनिया को दें।

नगर पंचायत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर व चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि अंततः हम सब भारतवासी हैं और पूरी दुनिया जानती मानती है कि भारत की सभ्यता और संस्कृति श्रेष्ठ है।हमें इसी परंपरा को निभाते हुए त्यौहार मनाने हैं।

कुलदीप बालियान ने कहा कि नफरतों को मिटा कर प्यार का पैगाम देना ही हमारा मकसद होना चाहिए क्योंकि इसी से समाज और देश मजबूत रहते हैं और यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आगामी सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाये।

# कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज बना विजेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शी फॉर हर क्लब द्वारा छात्राओं के क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिन्बे तथा रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के मार्गदर्शन में इस टूर्नामेंट में स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल कॉलेज और आयुर्वेदिक कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन विश्वविद्यालय परिसर के खेल मैदान में अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि खेल की वास्तविक भावना केवल जीत या हार में नहीं, बल्कि दक्षता, समर्पण, टीमवर्क और ईमानदार प्रयास में निहित है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन एवं खेल भावना बनाए रखने का मार्गदर्शन दिया, जिससे स्वस्थ एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम में खेल समन्वयक फातिमा परवीन अकील, चीफ प्रॉक्टर जमीरुल इस्लाम, अंपायर शहजाद एवं अमजद तथा सभी टीम समन्वयकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।



रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों के पश्चात स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज ने विजय प्राप्त की, जबकि स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उपविजेता रहा।

# समाधान दिवस में नहीं पहुंचा कोई भी फरियादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** समाधान दिवस के मौके पर नहीं पहुंची समस्याएं, पूर्व की समस्याओं का दिवसाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया।

थाना प्रांगण के मौके पर आज कोई फरियादी नहीं पहुंचा, केवल पूर्व में पहुंची समस्याओं का दिवसाधिकारी थाना प्रभारी विनोद कुमार व तहसीलदार सदर द्वारा निस्तारण कराया गया। पूर्व में पहुंची राजस्व से संबंधित शिकायतों जिनमें गांव चोरीमंडी, घोडापीपली,६ चालाकपुर आदि से मेड काटने, मेड पर लगे पोपुलर व लिप्टिस आदि के पेडों को लेकर पूर्व समाधान दिवस पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का आज दिवसाधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर निस्तारण कराया गया। इस दौरान दिवसाधिकारी तहसीलदार सदर व थाना प्रभ ारी विनोद कुमार, राजस्व निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रदीप रो. हिला, लेखपाल योगेन्द्र सिंह, स्वाति शर्मा, ऋचा उपाध्याय, शबनम खातून, शिल्पा सिंघल, शाईस्ता राव, सतीश चंद्र, सुनील कुमार, विजेन्द्र चौहान के साथ साथ नगर पंचायतकर्मी तनवीर अहमद मौजूद रहे।




# डा.अशोक ने बेसिक शिक्षा निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने बेसिक शिक्षा निदेशालय पहुंचकर बेसिक शिक्षा निदेशक को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार सभी हदें पार कर चुका है इस प्रकार भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्री प्राइमरी की क्लासो को पोर्टल से हटाने का पुरजोर विरोध किया जा रहा है मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्री प्राइमरी की क्लासे यथावत संचालित जारी रहेगी नर्सरी क्लासों के नाम पर यदि किसी खंड शिक्षा अधिकारीयो ने निजी स्कूल संचाल. कों का शोषण किया गया तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा भ्रष्टाचारियों को जनपद में नहीं रहने दिया जाएगा। बकाया भुगतान के लिए सभी स्कूलों की लिस्ट मांगी गई है जो इसी वित्तीय सत्र में भुगतान किया जाएगा। ब्लॉक नकुड के एक स्कूल को पशु शाला में मोटी रकम लेकर बीएसए द्वारा मान्यता के मानको की अनदेखी कर गांव के एक घर /घेर /पशुशाला में मान्यता दी गई है। जिन स्कूल संचालकों ने बीएसए को सुविधा शुल्क नहीं दिया है जनपद के करीब दो दर्जन से अधिक स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति व प्रोत्साहन राशि रोकी गई है। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को उत्तर प्रदेश के भ्रमण करके भ्रष्ट अधिकारियों की सूची निदेशालय को सोपी जाएगी।

डा.अशोक मलिक ने बताया कि शिक्षा निदेशक बेसिक ने बीएसए की जांच संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक को सोपी है।

# छात्र छात्राओं के मॉडल्स सराहे

**तीतरों।** ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के छात्र छात्राओं ने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये।

नगर पंचायत अध्यक्ष तैमूर खान, थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार ने छात्रों की प्रतिभाओ को देखकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अहमद खान, जुनैद खान, मुमताज खान, प्रधानाचार्य मंशा उर रहमान, बिलाल, लिटिल अग्रवाल, परमवीर, अजय कुमार, मोनिका, नीदा, नबिया, सुमन, संदली, साक्षी, प्रीति, सुबूही, सोनिका, अनुज, गौरव, हिमांशु, बुशरा, नुजत, ललिता, अलीशा उपस्थित रहे।

**नाबालिग भगाने वाला पकड़ाः सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लड़की सकुशल बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार विगत 15 फरवरी को वादिया की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बंध में दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा बनाम कर्ण पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर पंजीकृत कराया गया था। थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक शशांक गिरि के नेतृत्व में मुक. दमा उपरोक्त में वांछित चल रहे आरोपी कर्ण पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम उनाली थाना कुतुबशेर को रेलवे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार कर लिया।



















# एक्सपोर्ट प्रमोशन सेमिनार में उद्यमियों को दिए टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई विकास कार्यालय व आईआईए द्वारा एक्सपोर्ट प्रमोशन सेमीनार का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योग विभाग के अपर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह, निद. ेशक विष्णु कुमार वर्मा, एमएसएमई-विकास कार्यालय आगरा एवं आईआईए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के.धवन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार एमएसएमई क्षेत्र को निर्यात उन्मुख बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने उद्यमियों का आह्वान किया कि वे गुणवत्ता, नवाच. ार, आधुनिक तकनीक, प्रभावी ब्रांडिंग तथा अंत. रराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन को प्राथमिकता दें, जिससे उनके उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सशक्त स्थान प्राप्त कर सकें। विष्णु कुमार वर्मा ने कहा कि उचित मार्गदर्शन, संस्थागत सहयोग एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्थानीय उद्योगों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार सहज रूप से खुल सकते हैं। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। एफआईईओ की ज्वाइंट डायरेक्टर सुनीता ततवाल, पीएनबी के सीनियर मैनेजर सिद्धार्थ कौशल, एनएसआईसी मैनेजर एम एस राणा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के टेक्निकल ऑफिसर दिनकर जोशी, डाक विभाग मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव सुधीर कुमार कन्नौजिया, कॉनकॉर चीफ मैनेजर जे. के. जीनगर, ईसीजीसी के असिस्टेंट मैनेजर वरुण गौतम, बीआईएस की ज्वाइंट डायरेक्टर नीलम सिंह ने भी विचार रखे।



इसके पश्चात सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, राष्ट्रीय सचिव संजय बजाज, मंडलीय अध्यक्ष सतीश अरोड़ा, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश सपरा, सुषमा बजाज , उपाध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, परमजीत सिंह, संजय कपूर, वीरभान भटेजा, विकास मलिक एवं ऋषभ अग्रवाल, मनजीत सिंह अरोड़ा, अनुज कुमार जैन, आशीष मित्तल, आशीष गुप्ता द्वारा सभी अधिकारियों को फूल बुके एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया।



# राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी

## रियल लाइफ शादी के बाद ऑन स्क्रीन धमाका

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी की खबर अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज मिल गया। कपल की अपकमिंग फिल्म राणाबाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। शादी के बाद दोनों की यह पहली ऑन–स्क्रीन झलक मानी जा रही है, जिसे लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट चरम पर है।

साउथ सिनेमा के सबसे चर्चित जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कपल की शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन अब शादी के ठीक एक दिन बाद ही उनके मोस्ट अवेटेड फिल्म राणाबाली से एक खास पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। काफी लंबे इंतजार के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंधे हैं। जहां अभी फैंस उनकी शादी की फोटो की ही बात नहीं खत्म कर पा रहे हैं, तो वही शादी की बाद की दोनों की साथ की पहली फिल्म का बड़ा अपडेट सामने आया है।



रश्मिका और विजय की अपकमिंग फिल्म 'राणाबाली' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है, जिसमें केवल लीड किरदारों के हाथ दिखाई दे रहे हैं, जो दर्शकों को यह इशारा देते हैं कि ए विजय और रश्मिका हों।

**फैंस के लिए है खास सरप्राइज**

पोस्टर के साथ मेकर्स ने एक खास सरप्राइज का भी ऐलान भी किया है, जिसे 28 फरवरी को साझा किया गया। जिससे लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। यह फिल्म दोनों सितारों की शादी के बाद उनकी पहली ऑन–स्क्रीन वापसी होगी और इसी वजह से इसे फैंस के बीच खास रूप से अहम माना जा रहा है।

'राणाबाली' का डायरेक्शन राहुल सांस्कृत्यायन कर रहे हैं और इसे विशाल पैन–इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें विजय ने ऐतिहासिक योद्धा राणाबाली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका जयम्मा के रोल में होंगी।



# यश की टॉक्सिक का पलके बिछाकर हो रहा इंतजार

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। टीजर को देखने के बाद ट्रेलर को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई है। इस इंतजार को खत्म करते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है।

साउथ सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' जब से अनाउंस हुई है, तभी से सुर्खियों में छाई हुई है। इस मच अवेटेड फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ, जिसके बाद लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई। जितना लोगों को टॉक्सिक की रिलीज का इंतजार है, उतना ही इस फिल्म के ट्रेलर देखने के लिए यश के फैंस बेताब हैं। इस एक्साइटमेंट को और न बढ़ाते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर पर बड़ा अपडेट दे दिया है। फाइनली यश की टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। टीजर रिलीज से पहले मेकर्स ने एक के बाद बाद एक हर एक्ट्रेस के पोस्टर जारी कर काफी बज बना दिया था। यह मूवी 19 मार्च को सिनमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यश स्टारर 'टॉक्सिक' की टीम फिल्म के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है।

खबर मिली है कि मेकर्स ने यश की फिल्म के टीजर को रिलीज करने के लिए मार्च का पहला हफ्ता चुन लिया है।



# मैंने धुरंधर 2 देखी, आप भुला नहीं पाएंगे : यामी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद से ही दर्शकों को फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है, जो 19 मार्च को रिलीज होगा। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया, जब उन्होंने बताया कि वह धुरंधर 2 देख चुकी हैं। यामी गौतम ने कहा, मेरे पति ने 'उरी' जैसीकई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। हाल ही में उन्होंने धुरंधर बनाई है। धुरंधर जैसी फिल्म बनाने के लिए उनमें गजब का जुनून है, वरना यह मुमकिन नहीं होता। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उनकी कोई फिल्म 19 मार्च को रिलीज हो रही है, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, धुरंधर से जुड़ी कोई भी जानकारी आदित्य ही देंगे। बाकी सभी की तरह मेरा भी उस दिन सिनेमा हॉल में एक जरूरी अपॉइंटमेंट है, तो आप सभी से वहीं मुलाकात होगी। यामी गौतम ने आगे बताया कि उन्होंने धुरंधर 2 देख ली है। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने धुरंधर 2 देख ली है। यह असाधारण से भी बढ़कर है। मैं बहुत भावुक हो गई थी। उस दिन मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं आदित्य से कुछ कह नहीं पाई। बाद में भी मैं कुछ कर नहीं पाई। मुझे स्क्रिप्ट पढ़नी थी, लेकिन पढ़ नहीं पाई कुछ देखना था, लेकिन देख भी नहीं पाई। धुरंधर 2 दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव होगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। बता दें, 'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिली होगी। इस फिल्म का क्लैश यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से होगा। फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारे भी नजर आएंगे।



# दो फ्लॉप के बाद नई फिल्म की तैयारी में शनाया

शनाया कपूर की हालिया रिलीज फिल्म तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस के लिए तरस गई। लगातार दो फिल्में फ्लॉप होने के बाद शनाया कपूर नई फिल्म की तैयारी में हैं, जिसका नाम पता चल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म में लीड एक्टर का नाम भी रिवील हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बीते साल 'आंखों की गुस्ताखियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था।

**कहां तक पहुंचा फिल्म का काम?**

फिल्म मार्च 2025 में फ्लोर पर गई और लगभग दो महीने में इसकी मेन शूटिंग पूरी हो गई, जिसका पूरा शेड्यूल गोवा में सेट किया गया था। प्रोजेक्ट पोस्ट–प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है, जबकि थिएटर में रिलीज की तारीख का अभी भी इंतजार है। फिल्म को चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने वाउव एमिरेट्स और कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर सपोर्ट किया है।


हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई थी। इसके बाद शनाया कपूर की फिल्म 'आई तू या मैं' जो इसी साल 13 फरवरी को रिलीज हुई। शनाया और आदर्श गौरव की इस फिल्म ने उम्मीद से भी कम कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के बाद अब शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसपर बहुत पहले ही काम शुरू हो चुका था। हालांकि, इसका टाइटल अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया था। अब शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म को नाम मिल गया है और साथ ही लीड एक्टर के बारे में भी जानकारी मिल गई है। शनाया कपूर की 'तू या मैं' ऑडियंस का दिल जीतने में बुरी तरह नाकामयाब साबित हुई। इसी के बाद एक्ट्रेस नई फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। शनाया कपूर की अपकमिंग मूवी को फिल्ममेकर विकेश भूटानी बना रहे हैं, जिसके टाइटल का खुलासा हो गया है। इसी के साथ फिल्म में एक नई जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी।

**शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म**

शनाया कपूर की नई फिल्म का टाइटल जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के साथ इस फिल्म में 'मुंज्या' स्टार अभय वर्मा नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि शुजात सौदागर के डायरेक्शन में बनी 'जैकब कार्डोसो' की कहानी 1987 के समय पर आधारित है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस फिल्म पर काम बीते साल ही शुरू हो चुका था। 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'तू या मैं' के बाद शनाया की तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**विकेश भूटानी ने क्या बताया?**

प्रोड्यूसर विकेश भूटानी ने कंफर्म किया है कि शनाया कपूर और अभय वर्मा की फिल्म का ऑफिशियली नाम जैकब कार्डोसो है। यह गोवा में सेट एक खूबसूरत फिल्म है, उस समय के आसपास जब यह एक स्टेट बन रहा था। शुजात सौदागर डायरेक्टेड यह फिल्म 1987 में सेट है और इसे एक कॉमेडी के तौर पर दिखाया गया है।



## विवादों के बीच द कैरेला स्टोरी 2 ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा

**नई दिल्ली।** साल 2023 की सुपरहिट क्राइम ड्रामा द केरल स्टोरी की रिलीज के तीन साल बाद विपुल शाह सीक्वल द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड लेकर आए। पहली फिल्म की तरफ द केरल स्टोरी 2 को लेकर खूब विवाद हुआ। मामला कोर्ट तक पहुंचा, कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर स्टे लगाया। मगर किसी तरह विवादों के बीच फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची। अब चूंकि द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में आ गई है और पहले दिन इस फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया है, चलिए आपको फिल्म का ओपनिंग डाटा बताते हैं।

# प्रभास की स्पिरिट में नजर आएंगी ऐश्वर्या



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया गया, जिसमें विवेक ओबेरॉय के साथ एक नया चेहरा ऐश्वर्या देसाई भी नजर आई। पोस्टर में उनका इंटेंस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और अब दर्शक उनके किरदार को लेकर खासा उत्साहित हैं।

साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पिछले कई महीनों से बढ़ी हुई है। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म के पहले लुक को शेयर किया है, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। फिल्म स्पिरिट में विवेक ओबेरॉय का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर जारी करते ही वायरल हो गया। इस पोस्टर में एक चेहरा ना है, जिनका नाम ऐश्वर्या देसाई है। जो कि इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा होने वाली हैं और अब फैंस उनके किरदार को देखने के लिए बेहद एक्साइटमेंट हैं।

पोस्टर में ऐश्वर्या नशा करते हुए इंटेस लुक में नजर आ रही हैं, जिनको देखने के बाद से लोग उनके बारे में चर्चा करने लगे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, हालांकि इस फिल्म में उनको अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। ऐश्वर्या की बात करें, तो वो एक इंडियन अमेरिकन मॉडल है, जिन्होंने अपनी शुरुआत मॉडलिंग से ही की थी। वक्त के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और रणवीर सिंह के साथ फिल्म गली बॉय में नजर आई। गली बॉय को लोगों ने बहुत पसंद किया और फिल्म को 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे। गली बॉय के बाद ऐश्वर्या ने एक शॉर्ट फिल्म भी की, जिसका नाम श्रैट इन द किचेनश था। इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को अवॉर्ड भी मिला है। एक्टिंग के अलावा ऐश्वर्या को सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव देखा जाता है। उन्हें उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 36 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। अब ऐश्वर्या को स्पिरिट में देखा जाएगा। प्रभास और तृप्ति डिमरी की यह फिल्म 5 मार्च, 2027 को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 8 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है और उन्होंने ही लिखा भी है।



यरूशलेम। पुराने शहर के ऊपर बाईं ओर हवाई रक्षा मिसाइल अवरोधन के निशान दिखाई देते हुए।



उत्तरी इजरायल। हाइफा के पास तिरत हाकार्मेल में एक इमारत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद निवासियो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।





तेल अवीव। इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल के बाद चेतावनी सायरन बजने पर आश्रय लेने के लिए दौड़ते लोग।

# कतर से बहरीन तक, अमेरिकी बेस पर कहर बनकर टूटा ईरान

## रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की





**वाशिंगटन।** ईरान पर इजरायल अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद ईरान को पलटवार करते हुए अमेरिका के मददगार देशों पर ड्रोन व मिसाइलों से बड़े हमले किए जिनमें अमेरिकी एयरबेस बुरी तरीके से तबाह हुए। ईरान ने बहरीन समेत कई जगह जबरदस्त अटैक करते हुए बड़ा बदला लिया है।

उसने शनिवार दोपहर बाद से बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, दुबई सहित कई और देशों पर भी हमला करते हुए अमेरिकी नेवलबेस क्षतिग्रस्त कर अमेरिका और इजरायल को चौका दिया। कतर व दुबई पर कई दौर के हमले ईरान की और से हुए जिसमें बड़े नुकसान का अनुमान है। यह पहला मौका है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकन नेवी बेस पर किसी देश के द्वारा हमला किया गया। ईरान की और से कहा गया है कि हमारी और से बड़ा हमला नहीं किया गया हैं, लेकिन जल्द ही हम बड़ा हमला कर इजरायल और अमेरिका को बैकफुट पर ला देंगे। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है। रूस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतर्राष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलिपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए। नार्वे ने कहा कि इजरायल के हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नार्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इजरायल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वाशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। अलबुसैदी हमलों से पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्था नहीं कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, सक्रिय और गंभीर वार्ता को एक बार फिर कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका से गुजारिश करता हूं कि वह इसमें और न फंसे। यह आपकी लड़ाई नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसके शासन को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए और खतरा बनने से रोकने के लिए अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन करती है। अल्बनीज ने एक बयान में कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और ईरान को अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की आलोचना की।

### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिमी एशिया छोड़ने की अपील

**वाशिंगटन।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है।

### ईरान के पलटवार के बाद पांच देशों में तनाव के बीच एयरस्पेस बंद

**तेहरान।** अमेरिकी और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद अब ईरान ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। इजरायल के अलावा खाड़ी देशों के कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरानी हमले तेज हो गए हैं। ईरान ने कुवैत, बहरीन,कतर, सऊदी अरब, और यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया है। ईरान ने कतर के दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने देश को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। रक्षा मंत्रालय इस बात की पुष्टि करता है कि खतरे का पता चलते ही सुरक्षा योजना के अनुसार उससे तुरंत निपटा गया और कतर की धरती तक पहुंचने से पहले ही सभी मिसाइलों को रोक दिया गया ईरान ने कतर, बहरीन, कुवैत यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। बहरीन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि पैट्रियट रक्षा प्रणाली द्वारा एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है।

# रूस और चीन जारी जंग में दखल देंगे!

## अमेरिका व इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे



■ ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं। पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि विश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है। अमेरिका और इजरायल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा के मुताबिक, यह मुकाबला अब फाइट टू द फिनिश बन चुका है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है। दिलीप सिन्हा स्पष्ट करते हैं कि पिछले साल के हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु संस्थानों को नष्ट करना था, लेकिन इस ताजा हमले का एकमात्र और खुला उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है। अमेरिका और इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, ताकि ईरान की जनता के भीतर हिम्मत आए और वे स्वयं विद्रोह करके इस सत्ता को पलट दें।

# बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए।

# ट्रम्प के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई

## ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू



■ हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं। ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इजरायल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं। अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इजरायल को रखते हैं।

# मैक्रों बोले: इजरायल व ईरान तुरंत जंग रोकें



■ रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की, अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर स्पेन की आपत्ति

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने देश, अपने नागरिकों और मध्य पूर्व में अपने हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। साथ ही, अगर उनके सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उन्हें सुरक्षा देने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़रायल के हमलों की कड़ी निंदा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को बिना उकसावे वाली कार्रवाई बताया। रूस ने तुरंत इन हमलों को रोकने की अपील भी की है। वहीं स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

# पाक-अफगान संघर्ष में दावा: 300 की मौत

■ 500 लोग घायल हुए ट्रम्प बोले: पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा
■ पाक का दावा: आतंकी हमलों के पीछे भारत का हाथ

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'आपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं।





